e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 98

मंगलवार

11.04.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।




PR NO-294838 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहन जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पलामू एसपी के निर्देशानुसार सोमवार की शाम एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहिया वाहन के साथ ही फोर व्हीलर गाड़ियों की सभी कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, हेलमेट, ओवरलोड, ट्रिपल सवारी, सीटबेल्ट आदि की जांच की गई। इस दौरान निर्देशों का अनुपालन करते हुए कई दो पहिया वाहनों को जब्त भी किया गया है। इस दौरान कई बाइक चालकों ने अभियान में शामिल अधिकारियों से दवा के लिए मेडिकल आने की बात कही तो कोई जरूरी कार्य बताते हुए बाइक छोड़ देने का आग्रह करते देखे गए। वहीं पुलिस पदाधिकारी ने सभी चालकों को हर हाल में जीवन रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान जन हितकारी बताया। हालांकि चालकों ने जब्त वाहनों का चालान थाना या अनुमंडल स्तर पर काटने का आग्रह किया। ताकि होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। इस संबंध में थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया की सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। वाहन चेकिंग के दौरान कई दोपहिया वाहन जब्त किये गये हैं। चेकिंग अभियान में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद बरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद को साक्ष्य के अभाव में एम पी एम एल ए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने बरी कर दिया है।विदित हो कि पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट युगल किशोर गुप्ता के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 126 कलसटर सेंटर 15 झूरा में 3 फरवरी 2005 को 2¬30 बजे अपराहन बूथ संख्या 126 पर पीठासीन अधिकारी के द्वारा बाधित मतदान प्रक्रिया को पुनः मतदान चालू कराने पर उनलोगों द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया गया था।इस मामले में युगल किशोर गुप्ता ने गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद के विरुद्ध गढ़वा थाना में नामजद प्राथमिकी 31/2005 दर्ज कराया था। उनदोनो पर 171 एफ 384 132 132 (1) में संज्ञान लिया गया था। इस मामले में अभियोजन की ओर से चार गवाहों की गवाही कराई गई थी।अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा ।अदालत ने साक्ष्य के अभाव में गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद को रिहा कर दिया है।

## एक सप्ताह तक चलेगा वाहनों की नियमित जांच

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चालकों की निगरानी की जा रही है। निगरानी के दौरान वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग या फिर चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग कर रहे हैं या नहीं इसकी जांच की जा रही है। इसके अलावा पलामू पुलिस के द्वारा सभी दोपहिया चार पहिया वाहनों को हिदायत दिया गया है कि वाहन चलाते समय वाहन से संबंधित कागजात अपने साथ लेकर चलें। यदि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और कागजात के वाहन चालक पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह रेस



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह रेस हो गया है। सोमवार को ट्रॉमा सेंटर में कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के क्रम में कोरोना मरीज के इलाज को लेकर रिहर्सल किया गया.एम्बुलेंस से आने वाले मरीज को उतारकर बेड तक ले जाने के साथ स्वास्थ्य जांच और इलाज का प्रेक्टिस किया गया.मौके पर उपस्थित डॉ सुचित्रा कुमारी ने उपस्थित हेल्थ कर्मियों को इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी, सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, कौशलेश कुमार, 108 एम्बुलेंस चालक मनोज कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, नमाजियों सहित राहगीरों की बढ़ी परेशानी



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के बंजारी मुहल्ला मस्जिद रोड की नालियां जाम होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे रमजान माह के इस मौके पर मस्जिद में नमाज अदा करने के दौरान नमाजियों के साथ ही राहगीरों को भी आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मो0 डायमंड , डॉ0 असगर जिलानी सहित कई मुहल्लेवासियों ने बताया कि काफी दिनों से नाली जाम है जिस कारण जल निकासी अवरुद्ध है। इस वजह से गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, जिससे आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए अन्य दूसरा रास्ता भी नही है जिससे विवश होकर लोगों को इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। वहीं पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। मुहल्लेवासियों ने बताया कि इसके पहले भी कई बार जाम नालियों की सफाई कर पानी का निकास कराने की अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। बावजूद समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इससे लोग परेशानी झेलने के लिए विवश हैं। कहा कि यदि समय रहते समस्या के समाधान नहीं हुआ तो हम लोग सड़क पर उतरने के लिए विवश होंगे। इसकी जानकारी मिलने पर एनसीपी विधायक प्रतिनिधि मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा जिला सचिव अजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष मो0 असलम ने कहा कि बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा।

# वीर शिरोमणि चौहरमल जयंती व सांस्कृतिक कार्यक्रम का गम्हरिया में हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत गांव गम्हरिया स्थित वीर शिरोमणि चौहरमल कल्याण समिति तत्वधान में जयंती एवम शानदार मुकाबला दो गोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व खदान मंत्री माननीय लक्षुमण राम ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ किया मौके पर लक्ष्मण राम ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल अपने पासवान समाज के धरोहर थे। उन्होंने अपने कार्य में अच्छी भागीदारी निभाएं जो आज हमलोग वीर गाथा को वर्णन करते आ रहे हैं उन्होंने कहा उनके दिए गए कार्य शैली पर चलने कि जरूरत है वहीं वीर चौहरमल के याद में भोजपुरी शानदार दो गोला सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य कलाकार निर्मला यादव एवं निज्यानन्द पाठक ने अपने मुख्य वाणी से वीर चौहरमल संगीत के माध्यम से सैकड़ों श्रोताओं समां में बांधने का काम किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व जिला परिषद मदन पासवान, हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, समाजसेवी विमलेश कुमार पासवान, रामजवित पासवान, सागर पासवान, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुना सिंह, लल्लू पासवान, सुधीर कुमार पासवान, सहित सैकड़ों से अधिक वीर चौहरमल कल्याण समिति सदस्य दो गोला सगित प्रेमी मौजूद थे।

# पलामू अनुमंडल पदाधिकारी ने पीएम आवास योजना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड में सोमवार के दिन पहुंचे पलामू अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह. पीएम आवास योजना के लेकर विश्रामपुर बीडीओ सभी मुखिया और प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास योजना के कार्यो में हो रही देरी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की. अनुमंडल पदाधिकारी राजेश शाह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पीएम आवास योजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस दौरान संबंधित कर्मियों को कार्य में सुधार लाने की भी बात कही. इसके बाद तोलरा पंचायत में पहुंच पीएम आवास योजना के लाभुकों से मिल कार्य में देरी का कारण पूछा एवं जमकर फटकार लगाई. कहा एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों से तत्काल पैसों की रिकवरी के साथ सर्टिफिकेट केस किया जायेगा। मौके पर बीडीओ प्रशांत हेंब्रम, प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार सिंह, पंचायत सचिव सुरेश राम, रोजगार सेवक गुलाम सर्वर, पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

## पति-पत्नी का शव मिलने से सनसनी, पुलिस कर रही जांच

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी थाना क्षेत्र के अंबाखोरिया पंचायत अंतर्गत बरसोती गांव स्थित चरका पत्थर जंगल में पति-पत्नी का शव मिलने से सनसनी मचा गयी। मृतकों में रमना थाना क्षेत्र अंतर्गत बुलका गांव निवासी धर्मेंद्र राम उम्र 40 वर्ष व सुगिया देवी उम्र 35 वर्ष का नाम शामिल हैं। दोनो पति-पत्नी हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर मामले की जांच कर रही है। धर्मेंद्र राम का शव पेड़ पर झूलता हुआ मिला था, वही पत्नी सुगीया देवी का शव पत्थर से कुचला हुआ था। पति के शव से आधा किलोमीटर दूरी पर पत्नी का शव पड़ा हुआ था।इधर सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर दोनो शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया दोनो बरसोती गांव में रहकर महुआ चुनते थे। दोनो महुआ चुनने जंगल में गए हुए थे। इनकी चार पुत्री भी है। थाना प्रभारी ने बताया की घटना कैसे हुआ, इसकी छानबीन किया जा रहा है।

# सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दे कर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय मध्य विद्यालय चितविश्राम के प्रार्थना सभा में सोमवार को प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पाण्डेय ने विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र एवंम सरस्वती विद्या मंदिर के माध्यम से आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पाण्डेय ने कहा की इस परीक्षा से छात्रों को अपनी सभ्यता, संस्कृति, रीति, रिवाज, व्रत, त्यौहार, महा पुरुषों की जीवनी, आध्यात्म, विज्ञान, खेल जगत आदि का ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष इस विद्यालय के छात्र इस परीक्षा में भाग लेते है .सरस्वती विद्या मंदिर नगर उंटारी के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सभी सफल प्रतिभागियों एवंम् मार्ग दर्शक शिक्षको के प्रति शुभकामना प्रकट करते हुये कहा कि प्रतिभागियों की संख्या में उत्तरोतर संख्या में वृद्धि होगी, ऐसी आशा है। इस अवसर पर शिक्षक सुशील पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी,रेनू कुमारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# प्रधान सचिव से मिल अमरनाथ ने कराया समस्याओं से अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अखाड़ा पिपरा निवासी झारखंड कुश्ती उपाध्यक्ष सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड संगठन प्रभारी अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने दिन सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव वरिष्ठ आईएएस विनय कुमार चौबे से मिलकर पिपरा प्रखंड के मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया है. अमरनाथ सिंह ने कहा कि मुख्य रूप से सड़क एवं प्रखंड क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को गांव गांव से चुनकर जिले एवं राज्य स्तर पर कैसे पहुंचाया जाए .उन बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा किया गया. प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने श्री सिंह को आश्वासन दिया कि आपकी प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं को विचार विमर्श कर गंभीरता से लिया जाएगा। पिपरा नवसृजित प्रखंड है धीरे-धीरे विकास की गति में समय के साथ तेजी आएगी।

# मंझिगावा में रुद्र महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** मंझिगावा गांव में 12 अप्रैल से आयोजित होने वाली रुद्र महायज्ञ को लेकर विधायक आलोक चौरसिया ने यज्ञ स्थल का किया निरीक्षण। डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक आलोक चौरसिया ने अपने पायत्रित गांव मंझिगावा में 12 अप्रैल से होने वाली रूद्र महायज्ञ को लेकर निरीक्षण किया। विधायक ने अन्य अतिथियों के साथ यज्ञ स्थल का इजाजा लिया और यज्ञ समिति के साथ बैठक करते हुवे त्यारियो की समीक्षा ली।इसके साथ ही लोग यज्ञ की तैयारी में जोर - शोर से जुट गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के अलावे यज्ञ कमेटी के लोग शामिल हुए। यज्ञाचार्य ने बताया कि अगामी 12 अप्रैल से 18अप्रैल तक रुद्र महायज्ञ का कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता, एकता एवं जनमानस में नवचेतना के लिए यह यज्ञ किया जा रहा है।

## संकुल स्तरीय प्रधानाचार्यो की बैठक सम्पन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में एकदिवसीय संकुल स्तरीय प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ संकुल संयोजक अरविंद प्रताप सेंगर और संकुल प्रमुख रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, और माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया. बैठक में गत वर्ष की सम्पन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा एवं नवीन सत्र 2023-24 के लिये कार्ययोजना तैयार किया गया। संकुल संयोजक अरविंद प्रताप सेंगर ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुरूप प्रधानाचार्य गण नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपने विद्यालय को गति प्रदान करें। संकुल प्रमुख रविकांत पाठक ने कहा कि संकुल स्तरीय कार्ययोजनाओ के क्रियान्वयन हेतु सतत तत्पर होकर विद्यालय विकास में अग्रणी भूमिका निभायें.इस बैठक में भवनाथपुर के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, भवनाथपुर बाजार के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाठक, केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता और गढ़वा के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में आवास निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों का आवास निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने लगाया है। बीस सूत्री अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल ने निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि प्राकलन के मुताबिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। घटिया ईट जिसका कोई नंबर नहीं है। बालू की जगह मिट्टी युक्त बालू, घटिया छड़ और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों से भी जानकारी ली। बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य ने बताया कि आवासों का निर्माण इसी तरह होता रहा तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि वह जांच रिपोर्ट विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर जांच कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्यकारी एजेंसी के साथ साथ विभागीय अभियंताओं पर भी कार्रवाई की मांग की जायेगी। उन्होंने बताया कि उनकी बात विधायक कमलेश कुमार सिंह से हुई है। जांच के आलोक में उन्होंने अनियमितता की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। जांच दल में बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और गुड्डु सिंह, विनय पासवान, मनदीप राम, राजकुमार ठाकुर, रजनीश सिंह, बबन सिंह, रविन्द्र कांस्यकार, जिसान हसन, अजय चंद्रवंशी, व अन्य शामिल हुए जब इस संबंध में आवासीय परिसर के निर्माण कर रहे कंपनी के जूनियर इंजीनियर सूर्या से बात किया तो उन्हों ने बताया की हम लोग सरकार के द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियमों का पालन कर रहा हूं साथ ही जो कार्य किया जा रहा है गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है उन्होंने बताया कि मेरी कंपनी हुसैनाबाद में 4 सालों से काम कर रही है यही झर हमें महिला कॉलेज का निर्माण कार्य को गुणवता पूर्वक सफलता के साथ पूरा किया है और इस कार्य को भी मेरी कंपनी गुणवत्ता पूर्वक सफलता के साथ कार्य करेगी और कर रही है।

**श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर राजनीति शुरू**

# विधायक भानू ने बंशीधर जी का अपमान बताते हुये महोत्सव से खुद को किया अलग





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने के बाद क्षेत्र में राजनीति शुरू हो गई है। सरकार एवं जिला प्रशासन जहां प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद राज्य में शोक होने की बात कह रही है। वहीं विपक्ष यानी भाजपा इसे मुद्दा बनाकर बंशीधर जी का अपमान बताते हुये राजनीतिक हवा दे रही है। भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने बंशीधर महोत्सव के स्थगित होने पर बंशीधर जी का अपमान बताया है। उन्होंने बंशीधर महोत्सव से संबंधित अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर प्रदेश के पीएचईडी मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने लिखा है कि राजकीय बंशीधर महोत्सव स्थगित होना बंशीधर जी का अपमान है। विधायक ने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिये मंत्री और पूर्व विधायक से सवालिया लहजे में पूछा है कि बंशीधर महोत्सव राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण तो स्थगित कर दिया गया। लेकिन इफ्तार पार्टी के लिये शोक क्यों नही ? उन्होंने यहां तक कहा है कि जिस तरह से इस सरकार में देवी देवताओं का अपमान किया जा रहा है उसे देखते हुये इस सरकार में होने वाले बंशीधर महोत्सव से खुद को अलग करता हूं। भगवान बंशीधर जी से क्षमा चाहता हूं। उधर झामुमो ने भी विधायक भानू प्रताप शाही पर तंज कसते हुये इफ्तार पार्टी करते एक फोटो शेयर किया है। साथ ही लिखा है कि झूमे जो पठान मेरी जान महफिल ही लूट जाये। श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने से आम लोगों में है गहरी निराशा** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने के बाद आम लोगों में गहरी निराशा है। श्री बंशीधर नगर वासियों के चेहरे पर महोत्सव नहीं होने का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। लोग मायूस एवं हताश हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के द्वारा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आयोजित करने को लेकर तिथि निर्धारित करने के बाद लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे थे।

## कुआं में अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल



**सगमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी थाना क्षेत्र के दुसैया गांव के अकेलहवा टोल्ला में मेन रोड पर स्थित शिव स्थान के बगल के कुएं से अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। कुआँ में शव को देख कर ग्रामीणों द्वारा धुरकी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात शव को पहचान करने में जुटी हुई है। घटना सोमवार के सुबह की है। धुरकी थाना क्षेत्र के दुसैया गांव के अकेलवा टोला कुंवा में स्थानीय लोगों ने कुए में शव को देखा। उसके बाद सूचना आग की तरह पूरे गावँ में फैल गया और देखते ही देखते भारी भीड़ इकट्ठा हो गया। सूचना पाकर मौके पर धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार घटना स्थाल पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की मद्दत से से काफी मशक्कत के बाद कुंवा से अज्ञात शव को बाहर निकाला। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि फिलहाल अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उक्त मामले को लेकर पुलिस हर पहलू से जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की करवाई की जाएगी। घटनास्थल पर पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, बिरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवहा, पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम, दीपक यादव, शुशील बैठा, सहित काफी संख्या में लोग शव को देखने के लिए जुटे थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 98
मंगलवार
11.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (11/04/23) | 06:09 |
| सेहरी | (12/04/23) | 04:07 |

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### आप राष्ट्रीय पार्टी बनी, तृणमूल और एनसीपी से छीना दर्जा

**नई दिल्ली :** केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) का राष्ट्रीय दर्जा समाप्त कर दिया। इसके अलावा नागालैंड में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास); मेघालय में वॉइस ऑफ द पीपल पार्टी और त्रिपुरा में टिपरा मोथा को मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दलों का दर्जा दिया गया है। वहीं पीडीए (मणिपुर), पीएमके (पुडुचेरी), आरएलडी (उत्तर प्रदेश), बीआरएस (आंध्र प्रदेश), आरएसपी (पश्चिम बंगाल) और एमपीसी (मिजोरम) से राज्य दलों का दर्जा वापस ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को 13 अप्रैल तक आप की राष्ट्रीय पार्टी की स्थिति के बारे में उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया था।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर वार्ता जारी : केंद्र

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है, जिसमें यह दावा किया गया था कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से जुड़ी वार्ता प्रक्रिया हाल ही में लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हमले के बाद रोक दी गई हैं। सूत्रों का कहना है कि इस तरह की रिपोर्टें पूरी तरह से निराधार हैं। उनका यह भी कहना है कि भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर अगली दौर की चर्चा लंदन में 24 अप्रैल को संभावित है। दोनों के बीच व्यापार वार्ता का आठवां दौर 20 से 31 मार्च तक सम्पन्न हुआ था।उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश मीडिया रिपोर्टों में वार्ता रोके जाने से जुड़ा दावा किया गया था। इसमें कहा गया था कि भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले में शामिल समूह के खिलाफ भारत कठोर कार्यवाही चाहता है।इस बीच ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद एफटीए के लिए प्रतिबद्ध हैं और पिछले महीने व्यापार वार्ता के नवीनतम दौर का समापन हुआ है।

### गुमला में माओवादियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे छह वाहनों में लगायी आग

**गुमला :** गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के टेमरकरचा जंगल में भाकपा माओवादियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें दो वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए, जबकि चार वाहन में मामूली क्षति हुई है। सोमवार शाम करीब चार बजे हथियार से लैस सामान्य ड्रेस में लगभग आधा दर्जन नक्सली टेमरकरचा जंगल पहुंचे, जहां पर जमटी से टेमर करचा तक सड़क निर्माण कर रहे शौर्य कंस्ट्रक्शन के साइट में सभी मजदूरों का मोबाइल को छीनते हुए उनके साथ मारपीट की। इसके बाद नक्सलियों ने अपने साथ में लाए पेट्रोल को छिड़ककर एलएनटी रोलर मशीन और पेवर मशीन में आग लगा दी। नक्सलियों ने रोलर में आग लगाने के बाद मौके पर मौजूद अन्य वाहनों में भी आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को घटना की जानकारी मिली और वे तत्काल दल बल के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गये। इधर पुलिस की आने की सूचना पाकर नक्सली घटना स्थल से आनन-फानन में फरार हो गए।



**मुख्यमंत्री ने गोड्डा में आयोजित विकास मेला मे 89 योजनाओं की दी सौगात**

**सीएम ने कहा**

- **01** आप आर्थिक रुप से इतना सशक्त बनें कि आपको मुफ्त अनाज नहीं लेना पड़े
- **02** बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, स्वरोजगार के लिए भी आर्थिक सहयोग दे रही सरकार
- **03** आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर पहुंच रही सरकार
- **04** सरकार की योजनाओं से जुड़कर स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं महिलाएं
- **05** बच्चों सिर्फ पढ़ाई करें, खर्च उठाएगी सरकार

# विकास को दे रहे रफ्तार : सीएम

**सीएम ने 21,482 लाभुकों के बीच बांटी 2840.29 लाख रुपए की परिसंपति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सरकार भी जा रही है और योजनायें भी हकीकत में उतर रही हैं। हमारी स्पष्ट सोच है कि राज्य के सुदूरवर्ती और दूरस्थ गांवों में भी विकास रफ्तार पकड़े। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तसरिया, सुंदरपहाड़ी,गोड्डा में आयोजित विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप भी सरकार की योजनाओं को जानने -समझने का प्रयास करें और उसका लाभ लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में अधिकारियों की सोच और कार्यशैली बदल चुकी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत गांव-पंचायत में शिविर के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। उच्च अधिकारी सरकार की योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आ रहीं है। वे इन योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। यह समाज के लिए सकारात्मक और बेहतर संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पढे लिखे हैं और नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए सरकारी विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र के संस्थानों और कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत नौकरी सुरक्षित करने का कानून बना दिया गया है । जो कम पढ़े लिखे हैं और स्वरोजगार करना चाहते हैं , उनके लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना समेत कई योजनाओं को सरकार ने शुरू किया है।

**महिला मंडल चलाएगी पीडीएस दुकानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीएस दुकानों के संचालन का जिम्मा महिला मंडलों को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी राशन कार्ड बनाने की कई शिकायतें लगातार मिल रही है। मैं उनसे कहता हूं कि वे गलत तरीके से बने राशन कार्ड सरेंडर कर दें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।




### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

- मुख्यमंत्री ने 89 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 18637. 81 लाख रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन और 35065.64 लाख रुपए की 58 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।
- उद्घाटन किए जाने वाले योजनाओं में पथ निर्माण विभाग की 2, मत्स्य विभाग की 1, भवन निर्माण विभाग की 2 लघु सिंचाई विभाग की 3, ग्रामीण कार्य विभाग की 15 शिक्षा विभाग की 2 ( कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सुंदरपहाड़ी ) और भवन निर्माण की 1 ( महागामा में आईटीआई भवन निर्माण) योजना है।
- जिन योजनाओं की नींव रखी गई, उसमें पथ निर्माण विभाग की 10, कल्याण विभाग की 2, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 1 (123 गांव में एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना), लघु सिंचाई विभाग की 3, ग्रामीण कार्य विभाग की 2, भवन निर्माण विभाग की 1 (एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सुंदरपहाड़ी में मल्टीपरपस ऑडिटोरियम निर्माण) और एनआरईपी की 42 स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की योजना शामिल है।

### बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चे -बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। कई विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है । यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर पढ़ाई होगी। मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को आईएमएम जैसे संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार ने बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि भी बढ़ा दी है। इसके साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार सहायता दे रही है । अब बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है, पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी।



### सुप्रीम कोर्ट ने अग्निपथ योजना पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना पर मुहर लगाते हुए कहा कि यह योजना मनमानी नहीं कही जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दो अपीलों को खारिज कर दिया।दिल्ली हाई कोर्ट ने 27 फरवरी को अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि अग्निवीर का कैडर बिल्कुल अलग है और भारतीय सेना को दी गई उनकी चार साल की सेवा को रेगुलर सर्विस नहीं माना जाएगा। चार साल पूरा होने के बाद अगर कोई अग्निवीर सेना में ज्वाइन करता है, तो उसकी नियुक्ति नई मानी जाएगी। केंद्र सरकार ने कहा था कि अग्निवीर का कैडर सिपाही के कैडर से नीचे होगा। चार साल अगर वो सेना में सिपाही के पद पर नियुक्त होता है तो उनकी ट्रेनिंग अग्निवीर से उच्च स्तर की होगी। दस-पन्द्रह साल के बाद कोई भी सिपाही ऐसा नहीं होगा, जो अग्निवीर नहीं रहा हो। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक है। ये योजना समान काम समान वेतन के सिद्धांत का उल्लंघन है। अग्निपथ योजना के तहत चार साल बाद सेना से बाहर जाने वाले 75 फीसदी जवानों के लिए कोई बैकअप प्लान नहीं है।

## देश भर के अस्पतालों में कोरोना प्रबंधन की तैयारियों को लेकर किया गया मॉक ड्रिल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को झज्जर स्थित एम्स और दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोरोना प्रबंधन के लिए अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए मॉक ड्रिल की समीक्षा की। आरएमएल अस्पताल के दौरे के दौरान, डॉ. मांडविया ने विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों के साथ अनौपचारिक बातचीत की। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों, सुरक्षा और स्वच्छता सेवाओं के प्रमुखों के सुझावों को सुना। मंगलवार को भी देश भर के अस्पतालो में कोरोना प्रबंधन की समीक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को सतर्क रहने और कोरोना प्रबंधन के लिए पूरी तैयारी रखने की सलाह दी । उन्होंने किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति आगाह किया है और सभी से कोरोना उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया है। डॉ. मांडविया ने राज्यों से आईएलआई एवं एसएआरआई मामलों के रुझानों की निगरानी करके उभरते हुए हॉटस्पॉट की पहचान करने और कोरोना, इन्फ्लुएंजा के परीक्षण के लिए पर्याप्त नमूने भेजने का भी आग्रह किया है। इसके साथ पॉजि़टिव नमूनों के संपूर्ण जीनोम सीक्वेंसिंग को बढ़ाने पर भी जोर दिया।

**सत्याग्रह कार्यक्रम में कांग्रेस ने केंद्र पर जमकर साधा निशाना**

## देश में चल रही है तानाशाही: अविनाश पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़।** कांग्रेस पार्टी की ओर से सोमवार को लड्डू बाबू आम बागान में जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, जिला प्रभारी राजेश रंजन, विधानसभा प्रभारी कमल आर्य ने शिरकत की। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। पार्टी के आंदोलन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। अविनाश पांडेय ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही चल रही है। केंद्र सरकार और भाजपा तानाशाही के जरिए देश की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ



एक साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया। उनकी सरस्यता को खत्म कर दी गई। आज देश की हालत बहुत ही कठिन है। इस हालत से देश को उबारने के लिए हमें कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। अविनाश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी जी ने महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद किया, बेरोजगार युवाओं के लिए आवाज उठाई। देश के गरीब किसानों के लिए आवाज दी। उन पूंजी पतियों के खिलाफ आवाज उठाया, जिन्होंने देश को लूटने का काम किया। भाजपा वालों को जब लगा कि राहुल गांधी उनकी पोल खोल रही है, तब उनके साथ एक साजिश के तहत हरकत को अंजाम दिया गया। अविनाश पांडेय ने यह भी कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी शुरू से ही लड़ाई लड़ रही है। केंद्र में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लड़ाई चल रही है। यह लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस देश की हित की लड़ाई लड़ रही है। इसमें सभी को साथ देने की आवश्यकता है। भाजपा और केंद्र सरकार देशवासियों को भ्रम में रखा है। इसे हमें लोगों के बीच रखने की जरूरत है।

एक-एक कार्यकर्ता जब गांव में जाएंगे, तो संकल्प लेकर जाएं कि वह उन्हें केंद्र सरकार की गलत नीतियों के बारे में बताएंगे। तभी देश एकजुट होगा और ऐसे तानाशाही सरकार को कुर्सी से उतारा जा सकेगा। अविनाश पांडेय ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने देश के लिए बलिदान दे दी। उन्हें गोलियों से भून दिया गया। 21वीं सदी के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाने वाले राजीव गांधी जी के शरीर के चिथड़े चिथड़े कर दिए गए। अब राहुल गांधी जी जब देश हित में केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं, तो उन्हें भी साइड करने में उतर गए। लेकिन यह ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा। देशवासी इसका जवाब जरूर देंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने भी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, प्रदेश महासचिव उदय लखवानी, वरिष्ठ कांग्रेसी अली अकबर, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, शाहीन परवेज, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट, जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा आदि मौजूद थे।

## सीएम के आदेश के बाद अंकित का कोचिंग संस्थान में हुआ नामांकन

**आवास योजना के तहत आवास की भी मिली स्वीकृति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अंकित कुमार का उच्च शिक्षा का सपना सरकार होगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उपायुक्त बोकारो द्वारा अंकित का नामांकन कोचिंग संस्थान में करा दिया गया। यही नहीं अंकित को पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। अब उसके पढ़ाई में कोई रोड़ा नहीं है। वहीं दूसरी ओर, अंकित की माता बिराजू देवी को डा. भीम राव अंबेडकर आवास स्वीकृत कर दिया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा उन्हें आवास स्वीकृति का पत्र भी उपलब्ध करा दिया गया है, अब वह स्वयं सरकार से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर अपना आवास निर्माण करा सकती है।



**यह था मामला:** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ -पैर टूट गया था, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त मामले कि जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई हेतु हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया था।

अंकित, अब आप खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैंने पहले भी कहा है हमारी सरकार में गरीबी को कभी किसी बच्चे की पढ़ाई में रुकावट का कारण बनने नहीं दिया जायेगा। इसलिए आज प्री और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी 2-3 गुना वृद्धि कर झारखण्ड के लाखों बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। शिक्षा के हर स्तर पर विभिन्न योजनाओं को राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है।

**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री**

## कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म, ट्रेनों का संचालन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा मंडल के कुसतौर एवं कोटशिला स्टेशनों पर पांच अप्रैल से जारी कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म हो गया। इससे ट्रेनों का आवागमन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है।कुड़मी संगठनों ने रविवार देररात आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। इसके बाद पटरियों पर बैठे लोग हटने शुरू हो गए। खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम राजेश कुमार ने कहा है कि खेमाशुली स्टेशन से अब कुड़मी समाज के लोग बैनर, झंडा लेकर हट गए हैं। आंदोलन खत्म होने से रांची रेल मंडल में ट्रेन सेवा अब अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होने लगी है। रेलवे को इस आंदोलन के दौरान लगातार ट्रेनें स्थगित करनी पड़ीं। आंदोलन खत्म होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।



# यूसीडब्लूयु नार्थ उत्तरी कर्णपुरा ने एनके महाप्रबंधक से क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर मांग पत्र जारी किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** यूनाइटेड कोल् वर्कर्स यूनियन नार्थ उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र, डकरा महाप्रबंधक को एनके एरिया क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण के संबंध में पत्र लिखकर मांग किया गया. यूसीडब्लूयु ने एनके महाप्रबंधक से क्षेत्र के ज्वलंत समस्याएं में एरिया क्षेत्र में संचालित ट्रांसपोर्ट कंपनियों में असंगठित मजदूर (ड्राइवर एवं अन्य) से 24 घंटा लगातार कार्य कराया जा रहा है जो असवैधानिक है तथा सुरक्षा की दृष्टि से कम्पनी हित में नहीं है इस पर रोक लगाई जाए तथा उन से 8 घंटा ही काम लिया जाए. ट्रांसपोर्ट कंपनियों के द्वारा वर्ष 2013 से संचालित तथा 2022 कार्य समाप्ति के बाद तक असंगठित मजदूरों का



सीएमपीएफ एवं बोनस का भुगतान वर्तमान समय कर दिया जाय. असंगठित मजदूरों का शोषण एचपीसी के फैसले का खुलमखुला उलंघन है. केंद्रीय अस्पताल डकरा में शव वाहन की तत्काल व्यवस्था किया जाए. केंद्रीय अस्पताल इकरा से मरीज को बेहतर इलाज हेतु केंद्रीय अस्पताल को सीधा रेफर की व्यवस्था बनाई जाय. केंद्रीय अस्पताल डकरा में आधुनिक यंत्र के साथ सुविधा उपलब्ध कराई जाए. जिसमे अल्ट्रासाउंड की पूर्ण व्यवस्था किया जाय. वही चूरी परियोजना में मेन राइडर का उपयोग ना होना श्रमिकों के कार्य क्षमता को प्रभावित कर रहा है और जिससे कम्पनी को भारी नुकसान हो रहा है. मैन राइडर का उपयोग अति शीघ्र किया जाए. असैनिक विभाग के द्वारा जो कार्य कराया जाना है वह वेल्फ़ैर कमिटी के फैसले के बाद किया जाए. कल्याण मंडप डकरा जो वर्तमान में अव्यस्थित रूप से संचालित हो रहा उसे सुचारू रूप से चलाया जय. फॉर्म पीएस 3 - 4 सेवा पुस्तिका सभा परियोजना में जल्द से जल्द किसी प्रकार की त्रुटी को सुधार कर भरा जाए. श्रमिकों के पत्नी या महिला श्रमिक शादी से पहले हिन्दू रीती रिवाज के अनुसार सर्टिफिकेट में कुमारी लिखती है और शादी के बाद देवी इस पर आपति नही होना चाहिए क्षेत्र के आवासीय कालोनियों में सुचारू रूप से नियमित पानी देने कि व्यवस्था कि जाए. आवासिय कालोनियों में मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है नालियों को नियमित रूप से साफ सफाई और किटनासक दवायों का छिड़काव और फौगीग की व्यवस्था की जाए. क्षेत्रीय एजेंडा मीटिंग में वर्ष 2022 में जोम कार्य नहीं हुआ है उसका अविलम्ब निराकरण किया जाए. इकरा माइस का पानी जो मोहन नगर के कुछ भाग में चलता है उसे 64/72 एवं 100 कलोनी तक विस्तार किया जाय. मौके पर कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, दिनेश भर, जितेंद्र सिंह, अशोक राम, अरविंद सिंह,, समिम खान सहित अन्य शामिल थे.

# मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रहा भगवान बिरसा मुंडा का पड़ोसी गांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गृह से सटा गांव बरगी आज के इस आधुनिक युग में भी अंधेरे का सामना कर रहा है। यहां के लोगों ने बिजली का नाम तो सुना है पर अपने घर में बिजली की रोशनी नहीं देखी। यह गांव अपने प्रखंड अड़की से केवल 6 किलोमीटर दूर स्थित है। अड़की में कई वर्ष पूर्व पावर ग्रिड की स्थापना भी हो चुकी है लेकिन बीसवीं सदी के इस दौर में भी अड़की प्रखंड के बरगी गांव के ग्रामीण बिजली की रोशनी से वंचित है। ये स्वच्छ जल के बिनाअपनी जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं ।यहां के



लोगों का कहना है कि बच्चे बिजली के अभाव के कारण अपनी पढ़ाई रात में नहीं कर पाते हैं ,और महिलाओं और बुजुर्गो को पानी लेने के लिए चुआड़ी या नदी पर जाना पड़ता है। गांव में स्वच्छ जल की उपलब्धता का अभाव है। स्वास्थ्य की चिंता किए बगैर यह एक ही जगह से पीने का और नहाने- धोने की पानी का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है आज भी हम अंधेरे में गुजर-बसर कर रहे हैं। गांव में कुल 75 घर है और सभी लोग जल के लिए जल के प्राकृतिक स्रोतों पर ही निर्भर है।

## रमेश उरांव को बनाया गया विधायक सलाहकार

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने रमेश उरांव को विधायक सलाहकार मनोनित किया गया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश उरांव की कार्यशैली को देखते हुए विधायक ने सलाहकार मनोनित किया। श्री उरांव पर विश्वास जताया है कि पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक लोगों एवं जनता का काम करेंगे। सलाहकार बनाए जाने विधायक राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जिला ग्रामीण



कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, मंजूर अहमद, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता, प्रेमनाथ मुंडा, तुलसी खरवार, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, एतवा उरांव, राजेंद्र मुंडा, शिवदास गोस्वामी,रशीद अंसारी, सफीउल्ला अंसारी,दिनेश महतो, नागेश्वर महतो, बलराम महतो, बाबूलाल महली इत्यादि सैकड़ों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अवैध डोडा के साथ दो लोग गिरफ्तार




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुप्त सूचना के आधार पर 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कम्पनी हुंट और मारंगहादा थाना की संयुक्त टीम ने बिचागुटू इलाके में अवैध डोडा के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान लगभग 512 किलो अवैध डोडा बरामद किया गया और मौके पर दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम मंगरा मुंडा उर्फ सिनु मुंडा, जो बीचागुटू का रहने वाला है और दूसरे व्यक्ति का नाम सुखराम मुंडा उर्फ बरला मुंडा, जो कि अड़की थाना क्षेत्र के मारंगडीह गांव का निवासी है। इस अभियान में एस.डी.पी. ओ अमीत कुमार एवं 26वी वाहिनी स.स.ब्कएफ कम्पनी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत,उप निरीक्षक हरी महतो और अन्य पुलिस बल एवं एस.एस.बी हूंट के सशस्त्र बल शामिल थे।

## अनियंत्रित होकर पिकअप पलटा, कोई हताहत नही

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बसरिया मोड़ के पास बोलेरो पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया,कोई हताहत नही. घटना लगभग 10 बजे दिन का बताया जाता है. जानकरी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के बसरिया मोड़ के पास बोलेरो पिकअप वैन जेएच 05 बीपी 3672 अनियंत्रित होकर पलट गया. पिकअप वैन मैक्लुस्कीगंज के तरफ से चामा रांची जाने के क्रम में पलट गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो पिकअप बहुत ही तेजी गति से चलाया जा रहा था. उक्त पिकअप में चालक के साथ एक दो बच्चों को भी बैठे थे. तीखे मोड़ व ज्यादा स्पीड होने के कारण दुर्घटना ग्रस्त हो गया.अनियंत्रित पिकअप पलट कर चारो चक्का ऊपर हो गया. दुर्घटना की सूचना मिलने पर मैक्लुस्कीगंज पुलिस दल बल के साथ पहुँचे. व आंशिक रूप से घायलो को निजी क्लीनिक में इजाल कराया गया. पुलिस ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त पिकअप में सवार चालक सहित बच्चे सभी सुरक्षित है. पिकअप का मालिक हुटाप निवासी का बताया जाता है.

## खिजुरटोला में हिन्दू व मुस्लिम भाईयों ने मिलकर किया इफ्तार

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को जनाब हाजी खुर्शीद साहब के घर पर अफ्तार पार्टी आयोजन किया गया जिसमे खिजरटोला के हिन्दू मुस्लिम भाइयो के साथ साथ जमाअत इस्लामी हिन्द



खिजरटोला के लगभग 150 लोग सामील हुवे अफ्तार के आयोजन में जनाब हाजी साजिद साहब (जमाअत इस्लामी हिन्द झारखण्ड) ने मोके को गनीमत जानते हुवे हमवतनी भाइयो के बिच रोज़ा के महत्वो को बहुत अच्छे और सरल अंदाज़ में सभी के बिच रखा और कहा की आज देखा जाये तो हर धर्म में किसी न किसी रूप में रोज़ा मौजूद है बस हमलोग का नज़रिया अलग अलग है रोज़ा रखने से हमारे शरीर में चमत्कारी सवस्थ सम्बन्धी बदलावों देखने को मिलता है उसके बाद , मुख्य रूप से खिजरटोला शांति समिति के (अध्यक्ष , उपाध्यक्ष) श्री संजय महतो और श्री सुनील महतो ने भी अपनी अपनी बात को रखे श्री संजय महतो ने भी रोज़ा के महत्व को बताते हुवे कहा की हम दिन भर रोज़ा रखते है तो हमरे शरीर में तरह तरह के एन्जाइएम उत्पन होते है जो हमारे शरीर को बहुत फ़ायदा पहुंचते है , और उसके बाद रामटहल चौधरी हाई स्कूल के संस्थापक श्री डॉ रूद्र नारायण महतो जी ने भी अपनी बात रखी और कहा की दिन भर रोज़ा रखने से हमें भूख और प्यास का एहसास होता है जो हमें गरीबों और बेसहरो के दर्द का एहसास दिलाता जो अच्छा है, और कहा की आज के तारीख में हमारे गावों का नाम फखर से लिया जाता है तो हमलोग को गर्वो होता है लेहाज़ा हमलोग को ये भाईचारगी को और हिन्दू मुस्लिम एकता बनाये रखना होगा ।

# कांग्रेस पार्टी ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कराँजी गांव स्थित फुटबॉल मैदान में सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोजेदारों को दावत-ए-इफ्तार पर आमंत्रित किया गया था। दावत-ए-इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ किया गया। रोजेदारों को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रमजान का महिना पवित्र महिना है। इस महिने में रोजेदारों के साथ बैठक इफ्तार करने से आपसी



मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम से प्रेम और मेलजोल बढ़ता है। रोजा से इबादत के साथ-साथ शारीरिक फायदे भी हैं। इफ्तार पार्टी ठीक उसी तरह है जैसे होली और दिवाली मिलन समारोह। इस तरह के कार्यक्रम से गंगा-जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है, विभिन्न समुदायों में आपसी प्रेम बढ़ता है। इससे पूर्व कराँजी मस्जिद के इमाम ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराने से काफी सवाब होता है। रोजेदार खुदा के नेक बंदे होते है। अपने भूख व प्यास को बर्दाश्त कर खुदा की इबादत में मशगूल रहते है। रोजेदार की एहतराम करना एक बहुत बड़ा नेकी का कार्य होता है। उन्होंने ने आगे कहा कि रमजान के महीने मे अल्लाह तआला एक नेकि का बदला सत्तर गुना बढ़ाकर देता है। मौके पर उपप्रमुख मुदस्सिर हक, जिपस बेरोनिका उराँव, मजकुर सिद्दीकी, प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव, परवेज आलम, थाना प्रभारी मनिष गुप्ता, मंजुर अंसारी, रईफुद्दीन मिरदाहा, नेजाम अंसारी, बबलु खान, रूसतम अंसारी, इस्माईल अंसारी, सदर सोयब अंसारी, अमीन अंसारी, मो0 समसाद आलम, मीर मुस्लीम, सेलवेस्टर मिंज, अजीत उराँव, मनकु कुजूर, सरोज लकड़ा सहित कई लोग शामिल थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर विद्यालय भवन सह चारदीवारी की मांग की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती ऊपर बालालौंग पंचायत क्षेत्र में स्थित बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातू के भवन सह चारदीवारी की मांग को लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो की अगुवाई में विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री (भारत सरकार) अर्जुन मुंडा से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा है।प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातू की



प्रधानाध्यापिका मालती देवी, सहायक शिक्षक मंगल सिंह मुंडा सहायक शिक्षक शिव शंकर हजाम,सहायक शिक्षक रामनाथ महतो , लिपिक सागर सिंह मुंडा, सहायक शिक्षक लखींद्र महतो,आदेशपाल शिवेशवर महतो आदि उपस्थित थे।

# माकपा एवं किसान सभा ने शहीद गोपाल सिंह मुंडा का शहादत दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** माकपा एवं किसान सभा द्वारा राहे ,कटयाडीह ( गोपाल सिंह मुंडा चौक ) में सोमवार को शहीद गोपाल सिंह मुंडा का शहादत सम्मान पूर्वक मनाया गया। शहीद चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने शहीद गोपाल सिंह मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा गोपाल सिंह मुंडा के संघर्ष की प्रेरणा आनेवाली पीढ़ी सदा याद रखेगी। शहीद दफ़न नहीं होते,बीज की तरह फलते- फूलते हैं। 9 मई को शहीद मेला के अवसर पर शहीद गोपाल सिंह मुंडा का प्रतिमा अनावरण होगा। इस अवसर पर राज्य कमिटी सदस्य सह नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष सुरेश मुंडा ने कहा शोषण- जूल्म के खिलाफ, न्याय,भाईचारा के लिए संघर्ष के रूप में गोपाल सिंह मुंडा सदैव याद रखे जाएंगे। इसके अलावे जिला किसान सभा सचिव दिवाकर मुंडा, जिला कमिटी सदस्य जयपाल मुंडा, रामधन मछुवा, सुरेन्द्र बैठा, किसान नेता निलकांत मुंडा,शंकर मुंडा, पोली गोंझू,मुंगा महली, महिला नेत्री रीता स्वासी, प्रथम मुंडा, लखीराम मुंडा, मदन मुंडा, आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता सुरेन्द्र बैठा ने किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**आम सूचना**

(प्रेस विज्ञप्ति)

**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) स्तर पर तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरमति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्यौरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है।

(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फी नं0 18003456502

(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या –

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9931557072 | ,, |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 7004146612 | ,, |
| 4 | श्री अमित कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9122540019 | ,, |
| 5 | श्री सुशील कुमार सोनी, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 7979773722 | ,, |
| 6 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | | 9693358878 | |
| 7 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 7209368126 | ,, |
| 8 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 6204854087 | ,, |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या :–

| क0 सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द कुमार वर्मा, अवर प्रमण्डलीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 7050165135 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | ,, |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 01, गढ़वा | 7979844385 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 2 | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 7992417837 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री सोमा उरॉव | 9431993634 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 7979844385 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।

2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।

4 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें "

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 294717 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार
## खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
## (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

**खिलाड़ी पेंशन योजना अन्तर्गत आवेदन आमंत्रण संबंधी विज्ञापन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड खेल नीति – 2022 की कंडिका – 7.4.4 के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या – 02 दिनांक 17.01.2023 द्वारा राज्य के अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचन्द अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन गेम के पदक विजेता वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं हैं, को "**खिलाड़ी पेंशन योजना**" के तहत् पेंशन प्रदान करने हेतु मार्गदर्शिका निर्गत है। उक्त मार्गदर्शिका में वर्णित अर्हत्ताओं/शर्त्तों के अधीन झारखण्ड राज्य के योग्य खिलाड़ियों से विहित प्रपत्र में पेंशन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योग्य एवं इच्छुक खिलाड़ी विहित् प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन अपने जिला के जिला खेल पदाधिकारी को **दिनांक 30.04.2023 के अप० 05:00 बजे** तक जमा कर सकते हैं।

झारखण्ड खेल नीति – 2022, उक्त विभागीय अधिसूचना संख्या – 02 दिनांक 17.01.2023 (खिलाड़ियों को पेंशन प्रदान करने हेतु मार्गदर्शिका) तथा आवेदन का विहित् प्रपत्र खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के वेबसाईट – https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है। इस सूचना से संबंधित अनुवर्ती/बाद की आवश्यक संशोधन एवं अन्य सूचनाएँ आदि निदेशालय के वेबसाईट https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

ह०/–
निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,झारखण्ड, राँची

**PR 294819 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24).D**



## मत्स्य निदेशालय
## झारखण्ड, राँची

**राज्य के सक्रिय मछुआरों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना**

राज्य के सक्रिय मछुआरों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत् दुर्घटना बीमा का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस योजना में 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के वैसे सभी सक्रिय मछुआरा लाभान्वित होंगे जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति या मत्स्यजीवी स्वावलंबी समिति के सदस्य हों अथवा जिला स्तर, प्रमण्डल स्तर अथवा राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से सम्बद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र हों अथवा मत्स्य पालन से संबंधित संबद्ध गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल व्यक्तियों की कोई अन्य श्रेणी के हों।

इसमें बीमित मछुआरों की मृत्यु अथवा स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में बीमा कंपनी के द्वारा मो0 5.00 लाख रू0 की बीमा राशि तथा स्थायी आंशिक अपंगता की स्थिति में बीमित को मो0 2.50 लाख रू0 का भुगतान का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मो0 25,000/–रु0 तक Hospitalization Expenses के लिए देय होगा। सभी को इसका लाभ हो सके इस हेतु **निःशुल्क** निम्न प्रपत्र में अपनी सूचना अपने जिले के **जिला मत्स्य कार्यालय** में शीघ्र जमा करें।

**इस बीमा योजना के लिए आपसे कोई भी प्रीमियम नहीं लिया जायेगा**

इस प्रपत्र में सूचना/आवेदन दें–

| क0 | नाम | जेंडर | उम्र | जन्म तिथि | पता | कोटि (सामान्य/ओ0बी0सी0/अनु0 जाति/अनु0 ज0 जाति0) | आधार नं0 | मोबाईल नं0 | बैंक खाता सं0 | IFSC कोड | बैंक का नाम | बैंक का पता | आश्रित का नाम | जेंडर (आश्रित का) | उम्र | बीमित के साथ आश्रित का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

पानी है अनमोल खजाना, मछली पालन भूल न जाना

निदेशक मत्स्य
झारखण्ड, राँची

PR 294725 (Fish) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1. ई–निविदा सं0 :– **RE-RDD/SD/HZB/25/2022-23**

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/ 25/2022-23 | बड़कागांव | बड़कागांव प्रखण्ड के जरजरा चौक से ग्राम पेटोमोढ़ा तक कालीकरण पथ का मरम्मति कार्य। | 9876300.00 | 198000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 12.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 21.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 24.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.294768 Rural Development(23-24):D

## नीमडीह व कुकड़ू में हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के आधे दर्जन गांव में चल रहे हरि नाम संकीर्तन में सोमवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने नीमडीह के टेंगाडीह, केतुंगा, हुड़रु टोला कामारडीह व कुकड़ू प्रखंड के छातारडीह, चौका आदरडीह व डाटम में चल रहे अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने हरी मंडप माथा टेक क्षेत्र की मंगल कामना किया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, हरे कृष्णा सिंह सरदार, नीलकमल, पोद्दों सिंह, शक्ति महतो, इंद्रजीत महतो, नव किशोर, कित्तीवास, मंगल महतो, युधिष्ठिर महतो आदि ग्रामीण जनता व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मनरेगा मजदूर के आकस्मिक निधन पर आश्रित को उपलब्ध कराया गया अनुग्रहित राशि का चेक



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के इचागढ़ प्रखंड अंतर्गत सितू पंचायत में मनरेगा मजदूर के आकस्मिक निधन पर उनके आश्रित को मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा के अनुग्रहित अनुदान राशि के तहत दो लाख रूपए का चेक प्रदान किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा में कार्य करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि मनरेगा से जुड़ निरंतर कार्य करें। ऐसे मजदूर जो किसी कारण से अधिक दिन कार्य न कर रहे हो वह कम से कम साल में 15 या उससे अधिक दिन कार्य अवश्य करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ा जा सके।

## बीडीओ को पंचायत की कई मूलभूत सुविधाओं से संबंधित 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत की पंसस पूजा सिंह ने बीडीओ को पंचायत की कई मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराते हुए उन्हें 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने निर्मल पथ न्यू कॉलोनी में सच्चिदानंद प्रसाद सिंह के घर से मदन प्रसाद के घर तक सड़क निर्माण व नाला का सुदृढ़ीकरण, मार्ग संख्या एक के विकास शर्मा के घर होते हुए आशीष पात्रो के घर तक नाला निर्माण, बाल्मीकि नगर में पंचायत समिति के मद से नल-जल योजना के तहत लगाए गए सौर ऊर्जा जलमीनार द्वारा 10 घरों में ठप्प पड़े जलापूर्ति की मरम्मती कराने, पंचायत में अधिकतर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट की मरम्मती कराने के साथ अन्य मांग की गई है।

## जादूगोड़ा में भी इंटरनेट सेवा रही ठप्प, बैंक में कामकाज पर पड़ा असर

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा के शास्त्रीनगर में हुई घटना के बाद पूरे दिन भर जादूगोड़ा में भी इंटरनेट सेवा पूरी तरह ठप्प रहा। इधर इंटरनेट सेवा ठप्प होने का असर भारतीय स्टेट बैंक की जादूगोड़ा शाखा के कामकाज पर भी असर देखा गया। इस बाबत शाखा प्रबंधक प्रीति बोदरा ने कहा अन्य कार्य तो हुई लेकिन डिजिटल व आनलाइन जुड़े कार्य प्रभावित रहा। कई कंपनियों के बैंक लेने देन पर पूरी तरह से ब्रेक लग गया। उन्हें समझ में नही आ रहा था की इंटरनेट सेवा आचनक गायब कैसे हो गई। जानकारी के अभाव में लोग स्थानीय पत्रकारों से फोन करके जानकारी हासिल की।

## पदमश्री डॉ. जानुम सिह सोय का करनडीह में स्वागत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हो भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन पदमश्री डॉ. जानुम सिह सोय का भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री से सम्मानित होकर आज जमशेदपुर आगमन के दौरान करंडीह चौक में आदिवासी हो समाज की ओर से उनको काफी हर्ष उल्लास के साथ स्वागत किया गया। मौके पर पोटका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वीर सिंह देवगम जमशेदपुर प्रखंड के पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रैना पूर्ति, महिंद्रा एवम अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोहित मूनका ने अपनी टीम के साथ लिया शपथ ग्रहण




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के वार्षिक समारोह में नये सत्र 2023-24 का शपथ ग्रहण और निर्वतमान सत्र 2022-23 में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह समारोह बिस्टुपुर चेम्बर भवन में संपन्न हुआ। समारोह का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी सुमित कुमार अग्रवाल विधि-व्यवस्था उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, एशिया के अध्यक्ष संतोष खेतान और झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता मौजूद थे। अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए मायुमं के द्वारा किए गए पूर्व के कार्यो की सराहना की। साथ ही आने वाले नई कार्यकारिणी को भी अपनी शुभकामनाएं प्रदान की एवं अपने आशीर्वचनो से उनका मनोबल बढ़ाया। अतिथियों ने समाज एंव जनहित में हर संभव सहयोग करने की बात भी कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने अपने एक वर्ष 2022-23 सत्र के सफल कार्यकाल के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी अतिथियों के समक्ष अपने सत्र के कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख किया। सत्र 2023-24 के नये अध्यक्ष मोहित मूनका ने अपनी टीम के सचिव सौरव संथालिया और कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के साथ पदभार ग्रहण किया। इसी प्रकार नए कार्यकारिणी के हर पद पर विराजमान हर एक सदस्य को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए समाज के कई गणमान्य व्यक्ति और मंच के युवा साथी उपस्थित थे। समारोह में वर्ष 2022-23 में उल्लेखनीय कार्यो के लिए सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें रक्तदान के लिए पंकज मूनका, मिशन कैसर जाग्रति के लिए कौशल अग्रवाल, स्वास्थ्य, देहदान, अंगदान के लिए विकास अग्रवाल, कन्या भ्रूण संरक्षण के लिए हर्ष अग्रवाल, अमृतधारा के लिए नवनीत बंसल, मंडलीय कार रैली के लिए अनंत मोहनका, प्रकृति अकादमी के लिए अमृत शाह, चौंपियंस लीग 4 क्रिकेट के लिए अंकुर मोदी और प्रवीण अग्रवाल, विटर कार्निवाल के लिए अंकुर जैन, विशेष अध्यक्षीय के लिए निलय अग्रवाल सहित सर्वश्रेष्ठ कार्यकारिणी के लिए पवन छावछरिया, अनिमेष छापोलिया, रमेश अग्रवाल को पुरस्कार दिया गया।

# कदमा में माहौल बिगाड़ने के आरोप में भाजपा नेता अभय सिंह को भेजा गया जेल

### दूसरे पक्ष की ओर से 37 लोगों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार, कई के खिलाफ किया गया है मामला दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 3 में माहौल बिगाड़ने के मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता अभय सिंह को सोमवार को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कदमा थाना प्रभारी गौरव कुमार ने कहा कि उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके अलावा भी कई लोगों के खिलाफ कदमा थाने में मामला दर्ज किया गया है। अभय सिंह की गिरफ्तारी के बाद शहर के कुछ भाजपाइयों ने सोचा था कि अभय सिंह को किसी भी सूरत में जेल भेजने नहीं देंगे लेकिन अब पासा बिल्कुल ही पलट गया है। मामले में भाजपाइयों की एक नहीं चली और अभय सिंह को जेल भेज दिया गया। इसके पहले अभय सिंह का एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया। उसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**अभय सिंह को पूर्व में भी भेजा गया था जेल:** अभय सिंह की बात करें तो उन्हें इसके पहले साकची के बसंत टॉकीज के पास हुई दो गुटों में फायरिंग के मामले में जेल भेजा गया था। वर्ष 2001 में परसुडीह पुलिस ने पूर्व सीओ के साथ मारपीट करने और सड़क जाम करने के मामले में जेल भेजा था।

### कोल्हान डीआईजी पहुंचे कदमा, लिया जायजा

**जमशेदपुर :** कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा तक कदमा उपद्रव की जानकारी पहुंचते ही वे सीधे जमशेदपुर पहुंचे। इसके बाद वे सीधे कदमा के शास्त्रीनगर में गये और वहां पर फोर्स को देखा। इस दौरान उन्होंने एसएसपी प्रभात कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। साथ ही उन्होंने पूरे विवाद की जानकारी भी ली। इस बीच उन्हें पूरी गतिविधियों की भी जानकारी दी गयी।

#### आपसी सौहार्द बनाकर रखें : डीआइजी

इधर शहर पहुंचने के बाद डीआईजी ने कदमा के लोगों से अपील किया कि वे आपसी सौहार्द बनाकर रखें। पुलिस-प्रशासन उनके साथ है। किसी तरह के भी अफवाह पर नहीं जायें। किसी तरह की भी सूचना मिलने पर स्थानीय थाने में जाकर सूचना दें। डीआईजी रविवार की आधी रात को पहुंचे थे और रातभर ठहरने के बाद सोमवार की सुबह चाईबासा मुख्यालय के लिये रवाना हो गये।

### अभय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में बिष्टुपुर थाने पर भाजपाइयों ने की नारेबाजी



**जमशेदपुर :** भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपाइयों ने सोमवार को बिष्टुपुर थाने पर पहुंचकर पुलिस के खिलाफ खूब नारेबाजी की। भाजपाइयों की एकजुटता को देखते हुए बिष्टुपुर थाने में बड़ी संख्या में पुलिस बल को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। इस बीच अभय सिंह से मिलने किसी को भी नहीं दिया जा रहा था। अभय सिंह को पकड़े जाने की सूचना पर सोमवार को भाजपा नेता डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी बिष्टुपुर थाने पहुंचे और अभय सिंह से मुलाकात की। मौके पर डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि पूरे प्रकरण में एक टीम बनायी गयी है। टीम में भाजपा नेता जेबी तुबीद, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू के अलावा वे भी शामिल हैं। यह टीम घटना की जांच करेगी। डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि कदमा के मामले में अभय सिंह समेत जिस किसी निर्दोष को भी पकड़ा गया है, उसे छोड़ देना चाहिए। अगर कोई दोषी है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिले की डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार से भी मिलेंगे।

### दो दिनों की अशांति के बाद कदमा में शांति बहाल करने के लिये निकाला गया फ्लैग मार्च



**जमशेदपुर :** कदमा का माहौल बिगड़ने के बाद तीसरे दिन सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से कदमा इलाके में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से अमन और शांति बनाये रखने की अपील की गयी। इसमें शहर के सभी थाना प्रभारी शामिल थे। फ्लैग मार्च की टीम कदमा की सभी गलियों में गई और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी का अहसास भी कराया। जिले की डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार सोमवार की शाम कदमा के शास्त्रीनगर में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रविवार को जिन दुकानों को फूंक दिया गया था वहां पर भी दोनों अधिकारी गये और करीब से घटनास्थल को देखा। कदमा में धारा 144 लगाने व इलाका पुलिस छावनी में तब्दील होने के बाद सोमवार को दीनचर्या ठीक-ठाक रहा। धारा 144 लगने के बाद लोग घरों से कम निकल रहे थे। अगर निकले भी तो उन्हें कहीं पर अड्डेबाजी करने का मौका नहीं मिला। 19 घंटे के बाद शाम करीब साढ़े 6 बजे जमशेदपुर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा चालू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## 19 घंटे तक इंटरनेट के बिना ऑफलाइन काम करना हुआ मुश्किल, शहर के साथ ही गांव को लोग भी हुए परेशान

**जमशेदपुर :** समय के हिसाब से परिवर्तन आने के बाद सोमवार को आम लोगों को ऑफलाइन में काम करना काफी मुश्किल हुआ। बैंकिंग सेवा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी इसका खासा प्रभाव पड़ा। लोग इंटरनेट सेवा के बहाल होने की दिनभर प्रतीक्षा करते रहे। कई सेक्टर में तो काम ही ठप रहा। लोग मार्केटिंग करने निकले थे, लेकिन इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। लगभग 19 घंटे के बाद जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा बहाल की जिससे शहर के साथ-साथ गांव के लोगों ने भी राहत की सांस ली।

**मीडिया हाउस में आते रहे फोन:** जमशेदपुर शहर के कदमा में फायरिंग, आगजनी, रोड़ेबाजी और धारा 144 लगाने के साथ-साथ झारखंड सरकार की ओर से रविवार की आधी रात बाद से ही इंटरनेट की सुविधा नहीं देने से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ गयी थी। लोग यही कह रहे थे कि इंटरनेट के बारे में मीडियावाले बाबू ही कुछ बता सकते हैं। मीडिया हाउस में दिनभर लोग फोन कर इंटरनेट की जानकारी लेते रहे।

**बीएसएनएल कर रहा था काम:** रविवार की आधी रात बाद से ही जीयो से इंटरनेट की सुविधा को बंद कर दिया गया था। इसकी जानकारी मोबाइल धारक को मिल सके इसके लिये मैसेज भी भेज दिया गया था। सोमवार की सुबह एयरटेल और बीएसएनएल सेवा से इंटरनेट की सुविधा दी गयी थी, लेकिन बाद में एयरटेल सेवा को भी बंद कर दिया गया। इसके बाद बीएसएनएल की सेवा लोगों को मिल रही थी। जीयो के ग्राहक ज्यादा होने के कारण 75 फीसदी लोग इंटरनेट की सुविधा बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

## टाटा-हावड़ा रेलखंड पर सामान्य हो गया ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा-हावड़ा रेलखंड पर अंततः छठे दिन से यात्री ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो गया है। सोमवार को सभी ट्रेनों को निर्धारित समय पर खोला गया और ट्रेनें गंतव्य को भी समय पर पहुंच रही है। इस बीच पैसेंजर ट्रेनों को भी समय पर ही खोला गया। यात्री ट्रेनों का परिचालन सामान्य होने से रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली है। साथ ही रेल अधिकारियों के भी चेहरे खिले हुए हैं। बिहार जाने वाली सभी ट्रेनों का परिचालन भी सामान्य कर दिया गया है। सोमवार की सुबह सबसे पहले सुपर फास्ट ट्रेन को टाटानगर स्टेशन से निर्धारित समय से ही रवाना कर दिया गया। इसी तरह से शाम वाली ट्रेनों को भी समय पर ही चलाने का काम किया जायेगा। इसी तरह से लंबी रूट की ट्रेनों का भी परिचालन सामान्य करने की तैयारी चल रही है। धनबाद की दोनों ट्रेनों को भी सोमवार को रेलवे की ओर से समय पर ही चलाने का काम किया गया है। पिछले पांच दिनों से मालगाड़ी का परिचालन नहीं होने से रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। नुकसान की भरपाई कैसे की जाये इसपर ही वरीय रेल अधिकारी मंथन कर रहे हैं और काम कर रहे हैं।

## घटनास्थल ही बयां कर रही है कदमा उपद्रव की कहानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा में रविवार की शाम से लेकर आधी रात तक जिस तरह का उपद्रव किया गया वह घटनास्थल ही बयां कर रही है। घटनास्थल पर ईंट के रोड़े जिस तरह से सड़क पर पसरा हुआ था उसके बाद घटना के बारे में किसी से कुछ भी पूछने की जरूरत नहीं पड़ रही थी। ऐसे हालात में पुलिस ने कैसे मोर्चा संभाला होगा और दोनों समुदाय को कैसे नियंत्रित किया होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।



**रोड़ेबाजी के बावजूद डटी रही पुलिस:** कदमा में रोड़ेबाजी होने के बावजूद जिले की पुलिस टीम घटनास्थल पर डटी रही, उपद्रवी शांत होने का नाम नहीं ले रहे थे, लेकिन पुलिस भी उनकी मंशा को विफल करने से पीछे नहीं हट रही थी।

**कदमा में तीसरे दिन भय का माहौल:** कदमा के शास्त्रीनगर में तीसरे दिन भय का माहौल व्याप्त है। वहां के लोग अपने घरों मे दुबके हुए हैं। कदमा में रैफ को उतार दिया गया है। अब कोई भी रविवार वाली घटना को अंजाम नहीं दे सकता है। रैफ की तैनाती के बाद लोगों ने राहत की सांस जरूर ली है, लेकिन अब भी लोगों में भय का माहौल है।

### अमन-चैन बनाकर रखें : उपायुक्त

जिले की डीसी विजया जाधव ने कहा है कि कदमा शास्त्रीनगर के लोग शहर में अमन-चैन बनाकर रखें। घटना को लेकर किसी तरह का भी गलत अफवाह नहीं फैलायें। जिला प्रशासन पूरी नजर रख रहा है। लोगों से भी अपील है कि वे किसी के भी बहकावे में या किसी तरह का अफवाह में नहीं आयें।

## डीसी के उपस्थिति में सदर अस्पताल में हुआ मॉक ड्रिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक सदर अस्पताल सरायकेला में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया जिसमें उपायुक्त अरवा राजकमल उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ने एस एन एस यू वार्ड, कोविड इमरजेंसी वार्ड, ऑक्सीजन यूनिट, कोविड टेस्ट वार्ड एवं दवाई की उपलब्धता इत्यादि का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा जिले में अब तक किसी के कोरोना संक्रमित होने की सूचना नहीं है। देश में फैल रहे कोरोना संक्रमण का यह वेरिएंट अमिक्रोन का ही एक वेरिएंट माना जा रहा है। जिसमे संक्रमित व्यक्ति को बुखार की शिकायत अधिक देखने को मिल रही है। जिले में अब तक संक्रमित मरीज नहीं पाए गए हैं परन्तु सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोविड-19 व्यक्तियों की पहचान हेतु कोविड टेस्ट की संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि संक्रमण से बचाव हेतु जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों में बुखार, सर्दी-खांसी जैसे लक्षणों से ग्रसित व्यक्तियों को जांच कर उचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तत्काल जांच के पश्चात संक्रमित पाए जाने पर डॉक्टर के देख रेख में होम आइसोलेशन में रखने की व्यवस्था की गई है।

## सीमेंट लदा ट्रक घर में घुसा, दो वाहन व मकान क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा मुख्य सड़क पर बेलटांड़ बिरसा चौक के समीप अनियंत्रित 10 चक्का ट्रक रविवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे बिजली का एक पोल व दो खड़ी वाहनों को टक्कर मारते हुए एक घर में जा घुसा। इस भयानक हादसे में टीएमसी के जिला महासचिव आदित्य हालदार का मकान क्षतिग्रस्त हो गया जबकि इसमें एक वाहन भी (छोटा हाथी वैन) पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ। बताते हैं कि टीएमसी नेता की भाभी व उनकी बेटी बरामदे में सोई हुई थी और उनलोग इस घटना में बाल-बाल बच गए। बताते हैं कि घटना के वक्त तेज धमाकों जैसी आवाज होने पर आसपास के लोग जमा हो गए जबकि बिजली का पोल तार समेत टूटकर गिर जाने से बिजली गुल हो गई। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर लोग भागते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और घर के लोगों के बारे में पता लगाने लगे। जब सभी के सुरक्षित होने की जानकारी मिली तो सभी लोगों ने राहत की सांस ली। बताते हैं कि 10 चक्का ट्रक में सीमेंट की बोरियां लदी हुई थी और यह ट्रक जमशेदपुर से बोकारो जा रहा था। वहीं सूचना पाकर पहुंची पटमदा थाना की पुलिस ने मामले की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इधर सुबह होते हीपहुंचे सैकड़ों लोगों ने टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के किनारे हुई दुर्घटना की जानकारी ली। घटनास्थल पर पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, भाजपा नेता मुचीराम बाउरी व सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो ने इसे बड़ी दुर्घटना बताते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## जमशेदपुर शहर के श्रद्धालु करेंगे पाकिस्तान के 13 गुरुद्वारे का दर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते के बाद बड़ी संख्या में शहर के श्रद्धालु पाकिस्तान के लिये रवाना हुए हैं। वहां पर वे 13 गुरुद्वारा का दर्शन करेंगे। बड़ी संख्या में भारत से सिख श्रद्धालु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और वैशाखी के मौके पर पाकिस्तान जाते हैं। वैशाखी में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री की ओर से उनके सरकारी आवास पर होने वाले आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होते हैं। अमृतसर से अटारी बाघा बॉर्डर होते हुए रविवार को रवाना हुए। वे सोमवार को लाहौर पहुंच गये हैं। वहां पर वे गुरु नानक देव जी का जन्म स्थान ननकाना साहिब, पंजा साहेब, डेरा सच्चा सौदा, करतारपुर साहिब, रूढी साहब की यात्रा कर 18 अप्रैल को वापस भारत लौट आएंगे। जत्था को रवाना करने के लिये भाजपा नेता सतवीर सिंह सोमू, सेंट्रल नौजवान सभा के पूर्व चेयरमैन जसवीर सिंह सिरे व अन्य अमृतसर पहुंचे हुए थे और वहां विदायी दी गयी। जत्था में बर्मामाइंस की सुरजीत कौर, जुगसलाई की स्त्री सत्संग सभा गौरी शमाकर रोड अध्यक्ष राजवंत कौर, जोगिंदर कौर, सतविंदर कौर, सुरिंदर कौर, हरबंस कौर, रिफ्यूजी कालोनी की प्रभजोत कौर, हरप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत कौर, मनजीत कौर, गोलपहाड़ी की राजवंत कौर आदि शामिल थे।

## संपादकीय

# अनुच्छेद 19 की सुप्रीम समीक्षा

**जब** से भारत का संविधान बना और लागू किया गया है, अभिव्यक्ति की आजादी और अनुच्छेद 19 के तहत स्वतंत्र मीडिया की चर्चा, किसी न किसी संदर्भ में, होती रही है। भारत में मीडिया पूर्णतः स्वतंत्र है, लिहाजा लोकतंत्र ज़िन्दा है। लेकिन उस पर 'तर्कसंगत प्रतिबंध' लगाए जाते रहे हैं। कारण राष्ट्रीय सुरक्षा या संवेदनशील नीतियों के उल्लंघन का बताया जाता रहा है। सरकार 'तार्किक पाबंदियों' की व्याख्या नहीं करती, लिहाजा अनुच्छेद 19 बौना और अप्रभावी साबित होता रहा है। संविधान ने भी ऐसे मानक तय नहीं किए हैं, जिनके आधार पर प्रतिबंधों की तार्किकता को परखा जा सके। अदालतों ने भी सटीक व्याख्या नहीं की है, नतीजतन पत्रकारों पर प्रहार जारी रहे हैं और मीडिया की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार बेमानी साबित होने लगता है। ऐसे निराशाजनक और अनिश्चित माहौल में सर्वोच्च अदालत ने अनुच्छेद 19 की स्पष्ट व्याख्या की है और मीडिया को सुरक्षित रखने की महत्त्वपूर्ण कोशिश की है।

सुप्रीम अदालत ने इस फैसले के जरिए एक न्यूनतम मानदंड भी स्थापित किया, जिसके आधार पर न्यायपालिका अपने निर्णय सुना सकती है। यह फैसला मीडिया की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को लेकर एक उदाहरण बन गया। चैनल 'मीडिया वन' के अस्तित्व का सवाल था और आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा के लगाए गए थे, लिहाजा चैनल ने पहले तो केरल उच्च न्यायालय में इस पाबंदी को चुनौती दी। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन कैसे किया गया, भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया था, क्योंकि सूचना-प्रसारण मंत्रालय का जवाब सीलबंद लिफाफे में बंद था। ऐसी स्थिति में गोपनीयता का तर्क भी दिया जाता है और अपीलकत्त्रा खुलकर अपना बचाव नहीं कर सकता, नतीजतन उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में न्यायिक समीक्षा की संभावनाएं और गुंज़ाइश भी सीमित हैं।

मामला मलयालम न्यूज़ चैनल का था। भारत सरकार के सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने चैनल के लाइसेंस का नवीकरण खारिज कर दिया था। चैनल पर राष्ट्रीय सुरक्षा के उल्लंघन का गंभीर आरोप चस्पा किया गया था। 'माध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड बनाम भारत सरकार' मामले में शीर्ष अदालत ने हस्तक्षेप किया और अनुच्छेद 19 के तहत मीडिया की स्वतंत्रता की गारंटी प्रतिपादित की। सुप्रीम अदालत ने इस फैसले के जरिए एक न्यूनतम मानदंड भी स्थापित किया, जिसके आधार पर न्यायपालिका अपने निर्णय सुना सकती है। यह फैसला मीडिया की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को लेकर एक उदाहरण बन गया। चैनल 'मीडिया वन' के अस्तित्व का सवाल था और आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा के लगाए गए थे, लिहाजा चैनल ने पहले तो केरल उच्च न्यायालय में इस पाबंदी को चुनौती दी। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन कैसे किया गया, भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया था, क्योंकि सूचना-प्रसारण मंत्रालय का जवाब सीलबंद लिफाफे में बंद था। ऐसी स्थिति में गोपनीयता का तर्क भी दिया जाता है और अपीलकत्त्रा खुलकर अपना बचाव नहीं कर सकता, नतीजतन उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में न्यायिक समीक्षा की संभावनाएं और गुंज़ाइश भी सीमित हैं। उसके बाद मामला सर्वोच्च अदालत में आया था। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में न्यायिक पीठ ने प्रक्रिया और ठोस आधार पर 'मीडिया वन' के पक्ष में फैसला सुनाया। सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि न्यायिक पीठ ने 'तर्कसंगत प्रतिबंध' के मानक भी तय कर दिए और आदेश दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में भी 'सीलबंद लिफाफे' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यह समतल क्षेत्र के खेल की भावनाओं के खिलाफ है। सरकार को अब समानता के चार-पदीय मानकों का बचाव करना ही होगा। जानबूझ कर और मनमाफिक तरीके से अधिकारों को उलटा-पलटा नहीं जा सकता। 'मीडिया वन' के खिलाफ भारत सरकार का निर्णय समानता के मानकों का उल्लंघन करता है। 'गुप्तचर ब्यूरो' की दलील थी कि 'मीडिया वन' सत्ता-विरोधी है, क्योंकि उसने सेना और न्यायपालिका की आलोचना की है। सर्वोच्च अदालत ने सीलबंद लिफाफे को खोला और सरकार के निर्णय का आधार सार्वजनिक हो गया। न्यायिक पीठ ने इन आधारों और दलीलों को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत का मानना था कि भारत सरकार ने 'तार्किक प्रतिबंध' का नियम 'घुड़सवार तरीके' से लिया और एक टीवी चैनल पर प्रतिबंध लगा दिया। यह अनुच्छेद 19 की सरासर गलत और मनमानी व्याख्या है। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में भी ऐसे प्रतिबंध मीडिया पर नहीं लगाए जा सकते। अदालत ने यह भी माना कि देश में ऐसी कई सरकारें हैं, जो पत्रकारिता पर ढक्कन लगाने के मद्देनजर 'तार्किक प्रतिबंध' का इस्तेमाल कर रही हैं, क्योंकि पत्रकार सरकारों के 'नेरेटिव' पर सवाल करते हैं। मीडिया के संवैधानिक अधिकार के पक्ष में सर्वोच्च अदालत का यह फैसला महत्त्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक माना जा सकता है।

## कुछ अलग

# बहस के आंगन में

**राजनीति** की अपनी बोलियां और टप्पे हैं, जिन्हें सुन कर हम अंदाजा लगा सकते हैं कि विधानसभा सत्र की बहस में भी नाचते वक्त कभी आंगन टेढ़ा लगता है, तो यह पक्ष और विपक्ष के बीच मुद्दों का कदमताल है। हिमाचल के खुलते और बंद होते दरवाजों की नीयत पर शक करें या उन रोशनदानों के लिए जगह पैदा करें, जो भविष्य की रोशनी को खींच लें। सुक्खू सरकार ने जिस दरिया को पार करके अपनी सत्ता का नगर बसाया है, वहां विपक्ष में भाजपा अपना स्थान पुष्ट करना चाहती है और इसी द्वंद्व के मोर्चे पर वाकआउट जैसे नजारे उभरते रहे। कहीं बादलों ने डिनोटिफाइड संस्थानों की पृष्ठभूमि को छुपा लिया, तो विपक्ष मांझी की तरह नगर को छोडक़र फिर नदिया में अपनी नाव चलाने लगा। विधानसभा में आती आवाजें बार-बार बाहर निकल कर हांक लगातीं, तो महिलाओं के हक में कांग्रेस की गारंटियों पर चीखते विपक्ष के लिए पंद्रह सौ रुपए की अदायगी जीने मरने का सवाल बन जाता है। भाजपा का चुनावी मलाल, सत्ता पर चढ़े गुलाल से मुकाबला करते हुए तमाम गारंटियों का हिसाब लेना चाहता है, तो सादगी भरे आश्वासन से मुख्यमंत्री बता देते हैं कि सरकार पूरे पांच साल की करवटों में गारंटियों में भरी उम्मीदों को बांटेगी। भाजपा बार-बार अपनी पूर्ववर्ती सत्ता के मैदान पर छोड़ आई गेंद उठा कर सत्ता पक्ष की तरफ उछालती रही। यह वही गेंद है जो जनमंच के आयोजनों के वक्त अधिकारियों की तरफ उछाली जाती थी। अब अगर सुक्खू सरकार ऐसे शिकायती मंच पर शिरकतनहीं करना चाहती, तो विपक्ष को तर्क रखने का इतना अधिकार तो था कि वह सदन के वेल तक आ कर अपनी शिकायत का तापमान बढ़ा दे। विपक्ष ने सत्तापक्ष के विधायकों को बीच में यह भी सिखा दिया कि सत्र में टाइम टेबल से आने की जरूरत क्या है। एक बार मौका यह भी आया कि योजनावकाश के बाद कुछ देरी से आए सत्ता के नुमाइंदों को विपक्ष ने 'सरकार गुम है' का अलाप सुना दिया। विधानसभा का बजट सत्र सरकार के नए आरोहण का गुलदस्ता पेश कर रहा था, तो विपक्ष के माप तोल बढ़ा रहा था। सरकार नीतियों को बदलने के तरानों में ऐसा कुछ नहीं सुन सकती, जो पिछली सरकार की वकालत करे। इसलिए हिमाचल का बजट 3064 करोड़ बढ़ा दिया जाता है। आउटसोर्स भर्ती को ताले में बंद करके नई परिपाटी में नौकरी बुलंद होगी। सरकार प्रदेश के नक्षत्र बदल कर वाटर सेस लगाना चाहती है, तो समर्थन में विपक्ष भी एक स्वर कह उठता है, 'हिमाचली हक-ऐत्थे रख'। मसले बहुतेरे हैं, तो नए विकल्पों पर सुक्खू सरकार ने एसएमसी शिक्षकों को भी राहत का पैगाम दे दिया। खींचतान के लिए पूर्व सरकार का भुगतान सुक्खू सरकार के बजट का इम्तिहान लेने लगा तो पता चला हिमकेयर के 61 करोड़ भी देने पड़ेंगे। विपक्ष एक ओर सदन में सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाते दिखा तो दूसरी ओर सत्ता पक्ष दस साल में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की कला पर वक्तव्य देते दिखा। सदन के रौंगटे कोई भी वाकआउट खड़े नहीं कर सकता, लेकिन छोटा सा सवाल भी गहने उतार सकता है। इसलिए अर्थव्यवस्था के नाम पर ऋण लेने पर खूब बाल नोचे गए, लेकिन हिसाब-किताब बता गया कि आगे भी गाड़ी उधार के पेट्रोल पर ही चलेगी। सरकार ओपीएस देने की मुद्रा में बजट सत्र को आश्वासनों से लबालब कर गई, लेकिन कहीं सत्य यह भी निकला कि एनपीएस के कुल 9243 करोड़ पर केंद्र कुंडली मार कर बैठ गया है। विधानसभा सत्र में अफसोस के कई जाम छलकते रहे, जब विपक्ष की आशंकाओं में वर्तमान सरकार के प्रति असंतोष, अविश्वास और अवज्ञा के हुंकारे भरे गए। चुराह के विधायक हंसराज को अफसोस यही था कि कहीं गलती हुई वरना पुराने रहट पर भाजपा ही सत्ता का पानी भरती।

## संविधान के मौलिक कत्र्तव्यों में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना भारत के हर नागरिक का मूल कत्र्तव्य माना गया

# राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं

प्रताप सिंह पटियाल

आजादी के बाद किशन लाल की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने लंदन ओलंपिक में 12 अगस्त 1948 को इंग्लैंड की टीम को रहाकर 'गोल्ड मेडल' जीतकर भारत को गौरवान्वित किया था। मल्लिका ए बर्तानियां 'एलिजाबेथ' उस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थी। जब हॉकी टीम ने आज़ाद भारत का पहला स्वर्ण पदक जीतकर हिंदोस्तान पर दो सौ वर्षों तक हुक्रमानी करने वाले ब्रिटेन की रधती पर रितंगा फरहाकर अंग्रेजों को आईना दिखाया था। कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को 'लार्डस' के मैदान में कैरबियाई टीम को शिकस्त देकर विश्व कप जीतकर उसी ब्रिटेन की रधती पर रितंगा फरहाया था। भारत को क्रिकेट का विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को भारतीय सेना ने 'पंजाब रेजिमेंट' में मानद कर्नल की उपाधि दी है।

**भारत** का स्वाभिमान राष्ट्रीय ध्वज शान ए तिरंगा अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हिंदोस्तान की राष्ट्रीय पहचान को जाहिर करता है। संविधान के मौलिक कत्र्तव्यों में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना भारत के हर नागरिक का मूल कत्र्तव्य माना गया है। अंग्रेजों से आजादी के लिए देश के सैंकड़ों इंकलाबी युवा तख्ता-ए-दार पर झूल गए। लंबी जद्दोजहद के बाद बर्तानियां के झंडे यूनियन जैक का सूर्यास्त हुआ तथा आजादी के प्रतीक तिरंगे का उदय हुआ। कत्र्तव्य पथ पर जश्न-ए-जम्हुरियत की शुरुआत हो या लाल किले की प्राचीर से जश्न-ए-आजादी का आगाज दोनों कार्यक्रमों का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वजारोहण से ही होता है। वर्तमान में कुछ देशों में भारत विरोधी मनोग्रंथी में डूब चुके तत्वों द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करके हिंदोस्तान की संप्रभुता को चुनौती देने की हिमाकत हो रही है। स्मरण रहे देश के सैनिक मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने का हलफ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के समक्ष ही लेते हैं। अतः राष्ट्रीय ध्वज के अपमान से करोड़ों देशवासियों के साथ खिलाडियों व सैनिकों की भावनाएं सबसे ज्यादा आहत होती हैं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान करने में सबसे बड़ा योगदान हमारे खिलाडियों व सैनिकों का होता है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय खेल मैदानों से लेकर देश की सरहदों तक तिरंगा पूरी शान व शिद्दत से लहराता है। आजादी के बाद किशन लाल की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने लंदन ओलंपिक में 12 अगस्त 1948 को इंग्लैंड की टीम को हराकर 'गोल्ड मेडल' जीतकर भारत को गौरवान्वित किया था। मल्लिका ए बर्तानियां 'एलिजाबेथ' उस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थी। जब हॉकी टीम ने आज़ाद भारत का पहला स्वर्ण पदक जीतकर हिंदोस्तान पर दो सौ वर्षों तक हुक्मरानी करने वाले ब्रिटेन की धरती पर तिरंगा फहराकर अंग्रेजों को आईना दिखाया था। कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को 'लार्डस' के मैदान में कैरिबियाई टीम को शिकस्त देकर विश्व कप जीतकर उसी ब्रिटेन की धरती पर तिरंगा फहराया था। भारत को क्रिकेट का विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को भारतीय सेना ने 'पंजाब रेजिमेंट' में मानद कर्नल की उपाधि दी है। 2007 में टी ट्वेंटी तथा 2011 में वन डे क्रिकेट विश्व कप जीतकर तिरंगा फहराने वाले



कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सेना ने 'पैरा कमांडों' में मानद कर्नल का ओहदा प्रदान किया है। तात्पर्य यह है कि भारत को विश्व विजेता बनाकर तिरंगा फहराने वाले खिलाडियों को भारतीय सेना अपने विशेष अंदाज से सम्मानित करती है। 2008 के बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतकर चीन की धरती पर तिरंगा फहराने वाले अभिनव बिंद्रा 'सिख रेजिमेंट' के मानद कर्नल है। 2021 टोक्यो ओलंपिक में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे को वैश्विक खेल पटल पर गौरव प्रदान करने वाले नीरज चोपड़ा 'राजपूताना राइफल' में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। विंग कमांडर 'राकेश शर्मा' ने सन-1984 में अंतरिक्ष में तिरंगा फहरा कर भारत का मान बढ़ाया था। 27 अक्तूबर 1947 को भारतीय सेना ने श्रीनगर में तिरंगा लहराकर पाक हुक्मरानों को एहसास करया था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन चुका है। पाक सेना की मंसूबाबंदी को नेस्तानाबूद करके भारतीय सेना ने आठ सितंबर 1965 को लाहौर में तिरंगा फहरा दिया था। हमारे 'राष्ट्रीय गान' में जिस 'सिंध' का जिक्र होता है, कर्नल 'भवानी सिंह' '10 पैरा कमांडो' ने 7 दिसंबर 1971 को उसी सिंध की धरती पर तिरंगा फहराकर पाकिस्तान को भारत की सैन्य हैसियत से रूबरू करवा दिया था। हिमाचल के शूरवीर मेजर 'गुरदेव सिंह जसवाल' 'वीर चक्र' ने 10 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के अंदर घुसकर पाक सेना की किलेबंदी को ध्वस्त करके शकरगढ़ में तिरंगा फहरा कर अपना बलिदान दिया था। कारगिल जंग के नायक कै. बिक्रम बत्रा ने युद्ध के दौरान कहा था कि 'जीत के बाद तिरंगा फहराकर आऊंगा या फिर उसी तिरंगे में लिपटकर आऊंगा लेकिन आऊंगा जरूर'। मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले बिक्रम बत्रा की यह जुनूनी तहरीर सात जुलाई 1999 को सच साबित हुई थी। काबिलेगौर रहे कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को डिजाइन करने वाले 'पिंगली वैंकेया' भी ब्रिटिश भारतीय सेना में सैनिक थे। आजादी से पूर्व सैनिकों को ब्रिटिश साम्राज्य के झंडे 'यूनियन जैक' को सलामी देनी पड़ती थी। उस वक्त पिंगली वैंकेया के जहन में भारत की आजादी के सूचक अपने राष्ट्रीय ध्वज की अहमियत का एहसास हुआ था। 'एंग्लो बोअर' युद्ध (1899-1902) के दौरान पिंगली वैंकेया दक्षिणी अफ्रीका में तैनात थे। उस समय पींगली वैंकेया की मुलाकात दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी से हुई थी। पिंगली वैंकेया के राष्ट्रीय ध्वज के प्रति मोहिब्बे वतन के जज्बातों से गांधी जी काफी प्रभावित हुए थे। आजादी के बाद भारतीय संविधान सभा ने 22 जुलाई 1947 को तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया था। सन-2009 में भारत सरकार ने पींगली वैंकेया पर डाक टिकट जारी किया था। तिरंगे की शान के लिए सैनिकों की कुर्बानियों का सम्मान पूरी अकीदत से करना होगा, मगर विडंबना है कि ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भारतीय दूतावासों पर लगे तिरंगे का अपमान हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार हर देश को अपने सहयोगी देशों के संबंधित प्रतीक चिन्हों की सुरक्षा की जिम्मेवारी निभानी होती है। भारत के प्रति हिकारत भरी इस कारकर्दगी पर इन देशों की हुकूमत के लब-ए-इजहार पर खामोशी की रजामंदी का आलम कई सवाल खड़े करता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत की प्रतिष्ठा से जुड़े इस मुद्दे पर इन मुल्कों को अपना नुक्ता-ए-नजर साफ करना होगा। राष्ट्र की अस्मिता के लिए फिदा-ए-वतन होने वाले सैनिकों का अरमान यही होता है कि राष्ट्रीय ध्वज का इकबाल हमेशा बुलंद रहे। अतः हिंदोस्तान के गौरव शान-ए-तिरंगा के अपमान का दुस्साहस बर्दाश्त नहीं होगा। इन घटनाक्रमों पर भारत सरकार विदेशी राजनयिकों को तलब करके अपने एहतेजाज का इजहार करती है। मगर विदेश मंत्रालय को राष्ट्रीय ध्वज के अपमान में मुश्तमिल दोषियों पर सख्त कार्रवाई को अमल में लाना होगा जो भविष्य में नजीर बने।

# क्लासिक बनाम पॉपुलर और तानसेन का वो सबक

इंसान के पास अरग एक्सप्रेशन है, वो चीजों को ऑब्सर्जव करता है, तो उसे पूरा हक है कि वो अपने हिस्से का सच, अपनी देखी दुनिया, अपनी भाषा में दुनिया को बताए। और जब वो ऐसा करता है तो उन लाखों करोड़ों लोगों की भी बात करता है जो उसकी ही दुनिया के हैं। अब उसकी दुनिया के लोग उसकी भाषा से, उसके मुद्दों से, उसकी संवेदनाओं से रलिट कर रहे हैं तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। इसलिए बजाए ये शिकायत करने के कि फलां बहुत हल्का लिख रहा है, वो तो जानबूझकर पॉपुरल र इटिंग करता है आपको तो इस बात की तसल्ली होनी चाहिए आज के ज़माने में वो शख्स किसी रतह से लोगों को किताबों से जोड़ तो पा रहा है। इन जुड़ने वालों में बहुत सारे फर्स्ट टाइम र ीरड भी हैं जिन्होंने इससे पहले कोई साहित्यिक किताब पढ़ी भी नहीं यही फर्स्ट टाइम रीरड कल को ग्रो भी करेगा। वो जैसी चीज़ों से आकषति होकर किताबों की रतफ आया है कल को वो उससे भी बेहरत पढ़ना चाहेगा। वक्त के साथ उसकी भी बौद्धिक प्यास बढ़ेगी इसमें तो कोई शिकायत होनी ही नहीं चाहिए। मरग शिकायत तो रह दिन सुनने को मिलती है। इसलिए शिकायत करने वालों को ये खुद से पूछना है कि उनकी शिकायत लोकप्रिय लेखकों के औसत लिखने से है या इस औसत लिखने से मिली उनकी शोरहत से। दूसरा कड़वा सच ये है कि आप जीवन में बौद्धिकता के किसी भी पायदान पर क्यों न खड़े हों।

**सोशल** मीडिया पर साहित्य को लेकर पॉपुलर बनाम क्लासिक की चर्चाएं अक्सर सुनता रहता हूं। इन चर्चाओं में क्लासिक के पक्षधर लोग साहित्य में पॉपुलर लोगों की अक्सर टांग खिंचाई करते ही दिखते हैं। वो बताते हैं कि कैसे जो क्लासिक चीज़ है वही याद रखी जाएगी और किसी तरह पॉपुलर चीज़ें लिखने वाले दोयम दर्जे का काम कर रहे हैं। वहीं पॉपुलर माने जाने वाले लोगों को अक्सर लगता है कि इस तरह की चर्चाएं करने वाले जलनखोर लोग हैं। जो सिर्फ उनकी लोकप्रियता से चिढ़ते हैं और उसी चिढ़ की वजह से बार-बार ये मुद्दा छेड़ते हैं। मगर मुझे लगता है कि ये पूरा मामला लोकप्रिय और क्लासिक का है ही नहीं और न ही इसे ऐसे देखा जाना चाहिए। किसी भी लेखक से किसी और जैसा हो जाने का आग्रह करना या उम्मीद रखना ही गलत है। हर इंसान एक अलग पृष्ठभूमि से आता है। उस पृष्ठभूमि से वो अपने लिए अलग कच्चा माल लेकर आता है। उसके भाषायी संस्कार भी अलग होते हैं। अब इस इंसान के पास अगर एक्सप्रेशन है, वो चीज़ों को ऑब्सजर्व करता है, तो उसे पूरा हक है कि वो अपने हिस्से का सच, अपनी देखी दुनिया, अपनी भाषा में दुनिया को बताए। और जब वो ऐसा करता है तो उन लाखों करोड़ों लोगों की भी बात करता है जो उसकी ही दुनिया के हैं। अब उसकी दुनिया के लोग उसकी भाषा से, उसके मुद्दों से, उसकी संवेदनाओं से रिलेट कर रहे हैं तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। इसलिए बजाए ये शिकायत करने के कि फलां बहुत हल्का लिख रहा है, वो तो जानबूझकर पॉपुलर राइटिंग करता है आपको तो इस बात की तसल्ली होनी चाहिए आज के ज़माने में वो शख्स किसी तरह से लोगों को किताबों से जोड़ तो पा रहा है। इन जुड़ने वालों में बहुत सारे फर्स्ट टाइम रीडर भी हैं। जिन्होंने इससे पहले



कोई साहित्यिक किताब पढ़ी भी नहीं। यही फर्स्ट टाइम रीडर कल को ग्रो भी करेगा। वो जैसी चीज़ों से आकर्षित होकर किताबों की तरफ आया है कल को वो उससे भी बेहतर पढ़ना चाहेगा। वक्त के साथ उसकी भी बौद्धिक प्यास बढ़ेगी। इसमें तो कोई शिकायत होनी ही नहीं चाहिए। मगर शिकायत तो हर दिन सुनने को मिलती है। इसलिए शिकायत करने वालों को ये खुद से पूछना है कि उनकी शिकायत लोकप्रिय लेखकों के औसत लिखने से है या इस औसत लिखने से मिली उनकी शोहरत से। दूसरा कड़वा सच ये है कि आप जीवन में बौद्धिकता के किसी भी पायदान पर क्यों न खड़े हों। खुद को कितना भी Intellectual क्यों न मानते हों मगर आपके ऊपर भी ऐसी विधा, ऐसे लोग होंगे जिनकी नज़र में आप औसत हैं। वो भी आपको क्लासी नहीं मानते होंगे। रफी को पंसद करने वालों की नज़र में अरिजीत सिंह हल्के हैं। गुलाम अली को पसंद करने वालों के लिए रफी में वो बात नहीं। क्लासिक संगीत के चाहने वालों को हो सकता है गुलाम अली भी बाज़ारू लगते हों। साहित्य में भी कुछ लोग व्यंग्य को विधा मानने को तैयार नहीं। कहानीकार व्यंग्यकार को भाव नहीं देता। उपन्यासकार कहानीकार को और कवि को तो लगता ही है कि सबसे ज़्यादा रचनात्मक काम कविता करना ही है। हर दूसरा कलाकार किसी दूसरे की कलात्मक हैसियत तय कर रहा है। मूल बात ये है कि एक समाज संवेदनाओं के, बौद्धिकता के कई स्तरों पर एक साथ जी रहा होता है। इन्हीं अलग-अलग स्तरों से अभिव्यक्ति करने के लिए लोग भी आते हैं जिन्हें समाज कलाकार कहता है। अगर हम ये ज़िद्द पाल लें कि नहीं, हम जो बता रहे हैं वही आदर्श है, वही पवित्र है, तो न तो ये रचनाकारों के साथ न्याय होगा और न ही कला की अलग-अलग समझ रखने वाले लोगों के साथ। मगर दिक्कत ये होती है कि जब बतौर चिंतक, बतौर क्रिएटर हम खुद को कहीं प्लेस करने लगते हैं। खुद की एक हवाई छवि बना लेते हैं। फिर हमारी वो छवि अच्छे-बुरे के पैमाने तैयार करती है और जब किसी का काम उन पैमानों पर खरा नहीं उतरता, तो हम उसे सिरे से ही खारिज कर देते हैं। खासतौर पर उन लोगों का काम जो हमारे तय पैमानों से हल्का है लेकिन ज़्यादा लोकप्रिय हो गया है। लोगों को बुरे काम की परवाह कहां होती हैं। अंग्रेज़ी में भी दसियों लोग हर रोज़ बुरी किताबें लिख रहे हैं मगर चेतन भगत से लोगों की तकलीफ ये है कि वो इतना औसत लिखकर भी इतने लोकप्रिय कैसे हो गए। इतना पैसा कैसे कमा रहे हैं। मगर ये तकलीफ भी व्यर्थ है। क्योंकि मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए आज का वक्त जितना लोकतांत्रिक है उतना शायद ही पहले कभी रहा हो। आज एक औसत चीज़ के लिए मंच और बाज़ार मौजूद है तो एक क्लासिक के लिए भी है। अगर यूट्यूब पर एक फूहड़ कॉमेडी का वीडियो लाखों व्यूज़ पाता है तो विकास दिव्यकीर्ति सर के 'दर्शन क्या है' विषय पर बने दो घंटे के वीडियो को भी लाखों लोग देखते हैं। अगर चेतन भगत की किताबों को लाखों लोग पढ़ते हैं तो 'क्लासी' अमीश त्रिपाठी भी अंग्रेज़ी के सबसे ज़्यादा बिकने वाले लोगों में एक हैं। अगर इंस्टा और यूट्यूब पर double मीनिंग कंटेट खूब देखा जाता है तो इसी दौर में पंचायत प्राइम वीडियो पर साल की सबसे ज़्यादा देखी जानी वाली सीरीज़ भी बनती है। इसलिए शिकायत की कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं है। न शिकायत मंच की है और न ही ऑडियंस की। असल सवाल ये ही कि आप जिस भी ऑडियंस के लिए, पाठक के लिए कंटेंट तैयार कर रहे हैं क्या आप वाकई उससे जुड़ रहे हैं? आप ऊबाऊ, घिसी पिटी, ज़बरदस्ती की बौधिकता से लदी बात को क्लासिक बताकर पेश करें और कोई न पढ़े तो ये नहीं कह सकते कि जनता का तो टेस्ट ही खराब है। ऐसा करके आप अपनी हीनता पर तो विजय पा जाएंगे, मगर उसका रचनात्मक हासिल कुछ नहीं होगा। इसलिए बिना किसी बात की परवाह किए अपना काम कीजिए। आपके काम में दम है, उसमें Conviction है तो वो अपना पाठक/दर्शक ढूंढ ही लेगा। इस बात की चर्चा एक पैसा भी कोई मायने नहीं रखती कि फलां बाज़ारू है। फलां हल्का है। हकीकत तो ये है कि गुणवत्ता के नाम पर जब हम बार-बार दूसरों की आलोचना कर रहे होते हैं तो इसके साथ ही हम ये भी स्थापित कर रहे होते हैं कि मैं जो कर रहा हूं वही शास्त्रीय है। अगर दूसरों की आलोचना के बहाने खुद को महान बताने का भाव है, तो ये भाव तो बुरा लिखने से भी ज़्यादा बुरा है।

## नागरिक बोध

# हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही पिछले कई दिनों से अनियमित

**कांग्रेस** के नेता राहुल गांधी ने लंदन में देश पर बयानबाजी करने के बाद दोनों पार्टियों के बीच विवाद का अंत अभी तक नही हो पाया है। सदन चरम पर है। मोदी के साथ अडाणी के तस्वीर दिखाकर राहुल ने विवाद को जन्म दिया। उसके पूर्व नारे बाजी कर कांग्रेस ने अडाणी के नाम का इस्तेमाल कर मोदी को घेरते जा रहे है। लोकसभा और राज सभा मे कई दिनों से कोई स्थाई कार्रवाई नही हुई है। जब भी सभा लगती है। कांग्रेस जेपीसी की जांच की मांग कराकर हंगामा खड़ा कर देती है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सदन में अभिभाषण प्रस्ताव के बाद विरोध की राजनीति बढ़ती जा रहे है।बजट सत्र के बाद सदन में लोकसभा सदस्यों की बैठक में विपक्ष हर बात पर रोड़े अटका रहा है। लिहाजा, सदन में कोई चर्चा नही हो पाई है। राहुल की लोकसभा सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस के तेवर बढ़ गए है। देश का सदन हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद आज दिन तक सदन की कार्रवाई को ग्रहण लगा हुआ है। भाजपा घेरने की नीति से विपक्षी दलों ने जांच एजेंसियों पर नकेल कसने के लिए सुप्रीम का दरवाजा खटखटाया था।लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी है। कांग्रेस के हर कदम पर अवरोध दिखाई दे रहा है। वंशवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वालो को भाजपा को लड़ने की प्रेरणा भगवान से मिलने की बात भाजपा के 44वे स्थापना दिवस के मौके पर मोदी ने कही थी।लोकसभा को नही चलने देने के पीछे कांग्रेस की नीति भाजपा और मोदी को हमेशा टारगेट करने की है। कांग्रेस ने राहुल को अडाणी मसले पर जोर नही देने और कर्नाटक चुनाव के प्रचार के दौरान कोलार मे होने वाली प्रस्तावित रैली में भाजपा पर मौन रहने की नसियत राहुल कोदी है। कांग्रेस हंगामा खड़ा करने में माहिर है। कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दे नही होने के कारण भाजपा को अडाणी के मुद्दे पर घेरने का मंसूबा पाल रखा है।

## देश दुनीया से

# यहां झाड़ियां बचाती हैं जान

**जिस** दिन हम लोग काजीरंगा पहुंचे, पता चला कि उसके ठीक एक दिन पहले एक गैंडे ने पास के ही चाय बागान में खूब उधम मचाया था। काजीरंगा के आसपास गैंडे ठीक वैसे ही उधम मचाते हैं, जैसे उत्तर प्रदेश के बिजनौर और साहनपुर रेंज से सटे इलाकों में हाथी। बस फर्क यह है कि हाथी यहां गन्ने के लालच में भागे चले आते हैं तो गैंडों का अभी तक ठीक-ठीक पता नहीं चल पाया कि उन्हें किस चीज का लालच है। आखिर चाय की पत्तियां तो वे भी नहीं चरते। चाय बागान में लगे वृक्षों पर कालीमिर्च की जो बेलें चढ़ाई रहती हैं, वे भी उन्हें रास नहीं आतीं। हमारे पहुंचने से पहले गैंडे ने जिस इलाके में उधम मचाया था, वहां रहने वाले अधिकतर लोग खासी जनजाति के थे। खासी जनजाति भारत की सबसे पुरानी जनजातियों में से एक है। बेहद परिश्रमी यह जनजाति असम, मेघालय और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में रहती है। समुदाय के अधिकतर लोग मेघालय के पूर्वी हिस्से में खासी और जयंतिया पहाड़ियों में रहते हैं। ये लोग सदियों से गैंडों के साथ रहते आए हैं और इन्हें अच्छे से पता होता है कि गैंडों का इलाज कैसे किया जाता है। जिस गांव में गैंडा जंगल से भटककर आया था, वक्त निकालकर मैंने उसका एक चक्कर लगाया। पूरे गांव में कुछेक पक्के घर छोड़ दें तो ऐसी कोई भी चीज नहीं दिखी- जिससे गैंडों को रोका जा सके। यह दोपहर का समय था और लगभग सभी लोगचाय बागान में बनी झोपड़ियों में भोजन कर रहे थे। ऐसी ही एक झोपड़ी के सामने मैं रुका। पहले तो यह पता किया कि उनमें किसी को हिंदी आती है या नहीं। टूटी-फूटी हिंदी में बात समझने और समझाने वाले दो-तीन लोग थे। ऐसे ही एक गांव वाले से मैंने पूछा कि आप लोग अपनी सुरक्षा का समुचित इंतजाम क्यों नहीं रखते? मुझे ऊपर से नीचे तक देखते हुए उसने रूखे स्वर में पूछा, 'बाहर से आए हो?' मैंने कहा, 'हां, क्या मेरी शक्ल से नहीं दिखता?' खासी लोग बेहद गुस्सैल माने जाते हैं। मेरे साथ चल रहे लोगों ने भी उनसे उलटी बात करने से मना किया था। मगर मेरे सवाल पर वह बेतरह हंस पड़ा। बोला, तभी ऐसा सवाल पूछ रहे हो। यहां रहते होते, तो गैंडों के साथ रहने की आदत पड़ जाती। तब पता लगता कि हम लोगों ने शहरों की तरह बड़ी-बड़ी दीवारें क्यों नहीं बनाई हैं। तब तक कुछ और गांव वाले इकट्ठा हो चुके थे। उनमें से कुछ ने चाय बागान दिखाने की पेशकश की तो मैंने पूछा कि गैंडा किसके बागान में आया था? पता चला कि जिसके बागान में आया था, वह कम से कम तीन पहाड़ी पार है और पैदल ही पहुंचा जा सकता है, जिसमें कम से कम घंटे भर का समय लगेगा। यह सुनकर मैंने उस बागान में जाने का विचार छोड़ दिया और पूछा, भगाया कैसे था? आमतौर पर जब गैंडे आपके बागानों में आते हैं तो आपलोग क्या करते हैं? पता चला कि पहली बात यह कि गैंडे के कभी सामने नहीं आना चाहिए। जिसने भगाया, वह भी उसे पीछे से किसी बैल की तरह ही लाठी लेकर हांकता रहा। क्या गैंडा पीछे नहीं मुड़ा? या क्या गैंडे पीछे मुड़कर हमला नहीं करते? खासियों ने बताया कि आमतौर पर तो वे पीछे नहीं मुड़ते। और अगर मुड़ते भी हैं तो हम झट से चाय की झाड़ियों में छुप जाते हैं। यानी चाय की ये झाड़ियां ही आपकी सेफ्टी वॉल हैं? मैंने पूछा। सारे गांव वाले एक स्वर में बोले- हां।

आखिर चाय की पत्तियां तो वे भी नहीं चरते। चाय बागान में लगे वृक्षों पर कालीमिर्च की जो बेलें चढ़ाई रहती हैं, वे भी उन्हें रास नहीं आतीं। हमारे पहुंचने से पहले गैंडे ने जिस इलाके में उधम मचाया था, वहां रहने वाले अधिकतर लोग खासी जनजाति के थे। खासी जनजाति भारत की सबसे पुरानी जनजातियों में से एक है। बेहद परिश्रमी यह जनजाति असम, मेघालय और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में रहती है। समुदाय के अधिकतर लोग मेघालय के पूर्वी हिस्से में खासी और जयंतिया पहाड़ियों में रहते हैं। ये लोग सदियों से गैंडों के साथ रहते आए हैं और इन्हें अच्छे से पता होता है कि गैंडों का इलाज कैसे किया जाता है। जिस गांव में गैंडा जंगल से भटककर आया था, वक्त निकालकर मैंने उसका एक चक्कर लगाया। पूरे गांव में कुछेक पक्के घर छोड़ दें तो ऐसी कोई भी चीज नहीं दिखी- जिससे गैंडों को रोका जा सके। यह दोपहर का समय था और लगभग सभी लोगचाय बागान में बनी झोपड़ियों में भोजन कर रहे थे। ऐसी ही एक झोपड़ी के सामने मैं रुका। पहले तो यह पता किया कि उनमें किसी को हिंदी आती है या नहीं। टूटी-फूटी हिंदी में बात समझने और समझाने वाले दो-तीन लोग थे।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सदर अस्पताल पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

➲अस्पताल में अधिष्ठापीत पीएसए प्लांट के मॉक ड्रिल में भी शामिल हुए
➲सीसीएल टंडवा द्वारा जिला प्रशासन को प्राप्त चार एंबुलेंस को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता ने जिले के सदर अस्पताल पहुंच स्वास्थ व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री श्री भोक्ता ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सकों को साफ सफाई, पेयजल, दवाई और नियमित चिकित्सकों की उपस्थिति आदि को लेकर कई अहम सुझाव व निर्देश दिए। उक्त मौके पर कोरोना महामारी जैसे बीमारी से निपटने हेतु अस्पताल में अधिष्ठापीत पीएसए प्लांट के मॉक ड्रिल में भी शामिल हुए। इसके पश्चात सेंट्रल कॉल फील्ड लिमिटेड टंडवा द्वारा जिला प्रशासन को प्राप्त चार एंबुलेंस को सदर अस्पताल चतरा से मंत्री ने सिमरिया, प्रतापपुर, लावालौंग, कुंदा प्रखंडवासियों के सेवा में 4 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अस्पताल अधीक्षक डॉ श्यामनंदन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, समाजसेवी नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, समेत कई संबंधित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मनिका में मरांडी का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह के आवास में पहुंचे इनकी स्वागत में भारतीय जनता पार्टी के लोग जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।स्वागत में जिला प्रभारी मुकेश, निरंजन सिन्हा ,भाजपा नेता चेतलाल, रामदास, छोटू राजा, मोती सोनी, सुशील अग्रवाल, पंकज सिंह, सुनील कुमार, भरत प्रसाद, बवन पासवान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे। बाबूलाल मरांडी प्रेस वार्ता कर बताएं कि हेमंत सरकार की विफलता दमन झारखंड के लिए अभिशाप हो चुका है। जनता दुखी हैं पीड़ित हो चुकी है। इसको लेकर के 11 अप्रैल को रांची सचिवालय घेराव का कार्यक्रम में सभी को आग्रह किया है। जिले में जमीनी समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि जमीन की समस्या एनएच के द्वारा भूमि अधिग्रहण जमीन का जो किया जा रहा है फोर लाईन पथ के लिये उसमें बंदोबस्त जमीन जो 60.70 बर्ष से रशिद कट रही है, उसको भी मुआवजा की श्रेणी में नहीं रखा गया है जिससे किसानों दुखित है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने कहा की ऐसे रैयत लोगों को हर हाल में मुआवजा मिलना चाहिए।

## निजी घरों में चलाई जा रही है नर्सिंग होम




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के बगरा चौक के बालूमाथ जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से संचालित पारस हॉस्पिटल में पुनः ऑपरेशन जारी है। जबकि फरवरी 2022 में अवैध रूप से संचालित उक्त पारस हॉस्पिटल में खुलेआम अवैध रूप से ऑपरेशन करने की शिकायत पर रेफरल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर अंकुर एवं सिमरिया थाना के संयुक्त छापेमारी में लगभग आधा दर्जन किए गए ऑपरेशन मरीज बेड पर देखा गया था। जिसमें तत्काल सीएस चतरा को लिखित रूप से कार्रवाई के लिए चिठ्ठी भेजी गयी थी। वहीं सीएस चतरा के निर्देश पर एक माह तक अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल बंद किया गया था। गुप्त सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि उक्त पारस हॉस्पिटल के संचालक बिहार का रहने वाला है। यहां झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा बड़ा से बड़ा ऑपरेशन कर करवा कर गरीब व लाचार लोगों से मोटी रकम लिया जाता है। जो किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ है। वहीं जानकारी के तहत सीएस चतरा से पारस हॉस्पिटल के संचालक ने मिलीभगत कर ली है। जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में इस तरह का अवैध नर्सिंग होम धड़ल्ले से फलफूल रहा है। और कई जिंदगियों को काल के गाल में भेज रहें है। इस पर अविलंब लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाला दिनों में रूपये देकर भी फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों से ऑपरेशन करा मौत की खरीदारी करेंगे जिससे मौत के प्यारे हो सकते हैं।

## उड्डी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बनी संगीता

# महिलाओं की सर्वसमिति से बनायी गयी आंगनबाड़ी सेविका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड में सोमवार को उड्डी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका का चयन आम सभा कर किया गया। चयन प्रक्रिया में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। यह चयन उड्डी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र सह नर्सरी स्कूल की सेविका के रूप में संगीता देवी पति दीपक कुमार को सर्व समिति तथा सरकारी मापदंड को पूरा करने के बाद की गयी। उक्त सेविका का चयन तत्कालीन सेविका के सेवानिवृत्त होने के बाद किया गया। उड्डी केंद्र में कूल पांच आवेदन पडे थे जिसमें आपसी सहमति जताते हुए ग्रामीणों के सहयोग से विभागीय मापदंड के अनुसार संगीता देवी पति दीपक कुमार का आवेदन सही पाया गया जिसके बाद उसे चयन कर लिया गया है। चयन के बाद उन्हें बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेविकाओं के चयन प्रक्रिया में बीडीओ सह सीडीपीओ नीतू सिंह स्वयं मौजूद थी। इसके अलावा उड्डी में महिला प्रवेक्षिका मासूम रज्जा, मुखिया इफ्तेशाम प्रवीण, प्रतिमा देवी, एएनएम बेबी कुमारी, ग्यास मियाँ, समाजसेवी पंकज साहू, पंचायत समिति सदस्य के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद थे।

## चतरा विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल की जिला बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंगदल चतरा जिला की बैठक आज गोरक्षणी परिसर में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला कार्याध्यक्ष श्री भुनेश्वर साहु जी ने किया तथा बैठक का संचालन विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंगदल के प्रांत संयोजक श्री दीपक ठाकुर, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान और विभाग सहसंयोजक भवानी सिंह उपस्थित रहे। जिला मंत्री सुधीर कुमार ने जिले में संपन्न धर्मरक्षा निधि समर्पण अभियान, रामोतस्व, हनुमान जन्मोउतस्व कार्यक्रम का वृत्त जिला के बीच प्रस्तुत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए बजरंग दल के प्रांत श्री दीपक ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को बजरंग दल दुर्गा वाहिनी एवं परिषद वर्ग की जानकारी दी, साथ ही साथ बजरंग दल के आगामी कार्यक्रम शौर्य जागरण यात्रा जो 4 सितंबर से 14 सितंबर तक होने वाला है उसकी जानकारी दी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, चतरा के सभी गांव स्तर तक हो इसके निमित उन्होंने प्रखंड पालको की सूची बनाई जिसमे चतरा नगर के लिये पालक रोशन पांडे, ग्रामीण मृत्युंजय प्रजापति, जोरी, हंटरगंज,पाण्डेयपुरा सुधीर कुमार, प्रतापपुर रवि साहू, कुंदा इंद्रजीत कुमार, लावालौंग, सिमरिया अंकित पांडे, टंडवा भुनेश्वर साहू, कन्हाचट्टी राकेश रंजन, इटखोरी, मयूरहंड भवानी सिंह, गिद्धौर आशीष दांगी, पत्थलगड़ा राहुल ठाकुर को बनाया गया। इस बैठक में कुछ नई दायित्वों की घोषणा की गई जिसमें पत्थलगड़ा प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार, बजरंग दल संयोजक मनोहर, उपाध्यक्ष अजय राम, गौरक्षा प्रमुख चंदन दांगी, अध्यक्ष कैलाश जी, तथा चतरा ग्रामीण सहसंयोजक धर्मेंद्र ठाकुर को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला सत्संग प्रमुख रोशन पांडे, जिला विद्यार्थी प्रमुख मृत्युंजय प्रजापति, धर्म प्रसार प्रमुख आशीष दांगी, जिला गोरक्षा प्रमुख ठाकुर राकेश रंजन, जिला विशेष संपर्क प्रमुख पंकज सिंह, जिला सेवा सह प्रमुख बिपिन बिहारी सिंह, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, नगर मंत्री गौतम स्नेही, टंडवा प्रखंड मंत्री नकुल राम, संयोजक जीतू गुप्ता, ग्रामीण सहसंयोजक धर्मेंद्र ठाकुर, अजय राम, विक्रम कुमार वर्मा, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार,मनोहर समेत अन्य प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग के अड़ियल रवैए का शिकार होने लगे स्कूली बच्चे



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अप्रैल महीने की चिल्लाती धूप और शिक्षा विभाग का अडियल रवैया अब रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को दिन के करीब 11:45 बजे प्रखंड के करमा सीआरसी अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय मधनिया के दूसरी कक्षा का छात्र सत्यम कुमार अचानक बेहोश हो गया और उसके नाक से खून बहने लगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार पांडे ने तत्काल बच्चे को स्कूली बच्चों की मदद से हाथ मुंह धुलाए और ऑफिस में बिठाए। बच्चे को सामान्य होने के बाद अभिभावक को सूचना दिया गया और घर भेज दिया गया। गौरतलब हो कि शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए समय का निर्धारण सुबह 7:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक कर रखा है।बच्चों की खाने का समय दिन के 11:00 बजे से लेकर 11:30 बजे तक रखा गया है यही वजह है कि इस समय खासकर पहली से तीसरी कक्षा के बच्चे इस तेज धूप का शिकार हो रहे हैं।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने हेरूआ डैम गहरीकरण व जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के हेरूआ डैम गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, समाजसेवी चन्द्रिका यादव, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, संवेदक प्रवीणचंद पाठक, मुखिया गुड्डू दुबे समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** वन प्रमंडल चतरा के तत्वधान में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पत्थलगड़ा व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी के 46-46 छात्राओं शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुए रवाना। पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, नोनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, नावाडीह मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्राओं को रवाना किया। वन प्रमंडल चतरा के पदाधिकारी ने बताया कि अध्ययनरत बालिकाओं को पर्यावरण के प्रति सजगता एवं व्यक्तिगत निर्माण हेतु शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। जिसकी सारी व्यवस्था वन प्रमंडल चतरा के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान वनरक्षी संजय कुमार, मोहम्मद खुर्शीद आलम, जानकी ठाकुर के अलावे कस्तूरबा गांधी विद्यालय पत्थलगड़ा के कई शिक्षिका शैक्षणिक भ्रमण के लिए गई है।

## बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण बिएलओ व सुपरवाइजर हुए उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सभागार में सोमवार 10 अप्रैल को बीएलओ एवं सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जहां सभी नव-प्रतिनियुक्त बिएलओ सुपरवाइजर प्रशिक्षण के लिए समयानुसार 10:00 बजे से प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए। और प्रशिक्षुक सतीश कुमार मिश्रा हेल्पडेस्क सुजीत कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बतलाया गया कि गरुड़ा ऐप के माध्यम से वोटरों का नाम शुद्धीकरण, जोड़ना एवं हटाने का विधी ऐप के माध्यम से बताया गया। सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ में वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए वोटरों से आधार कार्ड लेंगे। जिसमें 1 जनवरी 1 फरवरी 1 मार्च का समय सारणी निर्धारित करेंगे। मतदाता सूची अपने-अपने बूथों पर सभी नवनियुक्त बीएलओ सुपरवाइजर काम करेंगे। जिसके लिए प्रखंड के सभी बीएलओ को नियम का पालन करना अति आवश्यक है। निर्देश मिला मौके पर उपस्थित जीपीएस मिथिलेश सिंह पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री एवं प्रखंड से आए दर्जनों बीएलओ और सुपरवाइजर थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच गैस सिलेंडर का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातू प्रखंड मुख्यालय के 70 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरण परिसर में सिलेंडर का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव ने बताया कि भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ट्रेरटरी ऑफिस रांची के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेविकाओं को दो-दो गैस सिलेंडर, एक-एक डीपीआर, ब्लु बूक व एस बी पेपर उपलब्ध कराई गई थी। जिसे आज वितरण किया गया। सेविकाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध होने के बाद उनमें प्रसन्नता देखी गई। उन्होंने कहा कि अब उन्हें लकड़ी और कोयले के धुँआ से छुटकारा मिलेगी। मौके पर आजसु प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम, एजेंसी मैनेजर धर्मेन्द्र साव, जितेंद्र पासवान, केदार प्रसाद, गौतम पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रीन कार्डधारियों को छह माह का एक मुश्त मिलेगा राशन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में करीब 5611 ग्रीन कार्डधारी के लिए राज्य सरकार के द्वारा राशन की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। सोमवार से एफसीआई गोदाम से जनवितरण प्रणाली के डीलर के द्वारा राशन का उठाव भी शुरू कर दिया है। माह नवम्बर 2022 से अप्रैल 2023 तक छह महीने का एक साथ पैकेट बंद राशन कार्डधारियों को वितरण किया जाएगा। बता दें कि अक्टूबर 2022 से ग्रीन कार्ड धारियो को राशन नही दिया गया था।

## दस लाख के जहरीली शराब के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, सरगना फरार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राजिय शराब माफियाओं के काले साम्राज्य पर चतरा पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है 7 पुलिस भी इसे बड़ी सफलता बता रही है। झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के सालवत गांव स्थित जगलाल गंझू के घर मे संचालित अवैध नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने बड़े ही नाटकीय ढंग से उद्भेदन करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। करीब दस लाख रुपये के अवैध नकली शराब के खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार जहां गिरफ्तार हुआ है वहीं इस तस्करी का मास्टर माइंड फरार होने में सफल हो गया।पुलिस फरार अभियुक्त को बहुत जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। ड्राई स्टेट बिहार के विभिन्न जिलों में अवैध शराब आपूर्ति के नियत से निर्मित अंग्रेजी शराब का बड़ा खेप पुलिस ने जब्त करते हुए शराब तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफल रही। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में गठित वशिष्ठनगर जोरी थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। खबर में बताया गया है की रॉयल स्टैग कंपनी का 375ml का 24 बोतल नकली अवैध निर्मित शराब, मैकडॉवेल कंपनी का 375ml का 24 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375द्वद्य का 120 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व ड्ढ7 कंपनी का 375द्वद्य का 48 बोतल, विभिन्न अंग्रेजी शराब कंपनियों का 25 सौ से अधिक ढक्कन, रॉयल चैलेंज कंपनी का 250 रेपर व स्टीकर,स्टर्लिंग रिजर्व b7 कंपनी का 750 रैपर व स्टीकर,रॉयल स्टैग कंपनी का एक हजार रैपर व स्टीकर, 21 जार में बंद अर्ध निर्मित नकली 630 लीटर नकली जहरीली शराब, शराब स्टॉक के लिए रखा 30 ब्लू रंग का खाली जार, 38 अलग- अलग प्लास्टिक बोरा में बंद विभिन्न आकार का 1900 शराब का खाली बोतल व 700 ग्राम केमिकल युक्त पदार्थ जप्त। अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के द्वारा जगलाल गंझू के खपरैल घर में संचालित किया जा रहा था अवैध शराब फैक्ट्री। मौके से राजपूर थाना क्षेत्र निवासी तस्कर चंदन कुमार और जगलाल गंझू गिरफ्तार। अवैध शराब फैक्ट्री संचालक माफिया राजपुर गांव निवासी धर्मेंद्र दांगी मौके से फरार होने में सफल रहा। सरगना की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिसि की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में बेचैनी का माहौल है। अभियान में थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत सशस्त्र बल के जवान थे शामिल।

# केवीएस विद्यालय बन ठन कर तैयार, उद्घाटन का है लाचार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जिले के एक मात्र नव निर्मित केंद्रीय विद्यालय सिमरिया में बन ठन तथा सज सवर कर तैयार है। किन्तु उद्घाटन की आस में विद्यालय किसी को इंतजार में खड़ा है। इधर नवनिर्मित विद्यालय में पढाई करने के लिए बच्चों में काफी उत्सुकता है। किंतु यह जिज्ञासा उन्हें असफल होता दिखाई दे रहा है। जिससे बच्चों में मायूसी बनी हुई है। बच्चों के परिजनों का कहना है कि जब केवीएस विद्यालय बनी नहीं थी तो प्लस टू विद्यालय के भवन में बच्चों की शिक्षा लाचारी वश कराई जा रही थी ।किन्तु अब विद्यालय पूर्ण रूप से बन कर तैयार है तो उद्घाटन में देरी कैसी। आखिर उद्घाटन नहीं होने के पीछे क्या राज है। कुछ जानकारों ने नाम ना छापने को लेकर कहा है कि यह विद्यालय कमीशन के कारण उद्घाटन नहीं हो पा रहा है। चुकी ठीकेदार का कहना है कि हम विद्यालय भवन बना कर तैयार कर दिए हैं और विद्यालय विभाग को सुपुर्द करने के लिए कई बार गुहार लगा चुका हूँ किन्तु आज तक हमारी एक भी सुनी नहीं गयी है। बार बार समय टाला जा रहा है। चुकी पूर्व में आश्वासन मिला था कि फरवरी 23 में उद्घाटन किया जाएगा। उसके बाद मार्च में उद्घाटन के लिए आश्वासन दिया गया था परंतु अब अप्रैल माह चल रहा है। इधर केवीएस शिक्षकों का कहना है कि शिक्षकों का आवास उक्त नव निर्मित विद्यालय प्रांगण में हीं कमरा बना हुआ है। किंतु हम लोग उद्घाटन के लाचारी में किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। यदि उद्घाटन किया जाता तो हम लोग भी विद्यालय प्रांगण के बने आवास में रहते। वहीं किराया देने से वंचित रहते। बता दें कि विद्यालय में बच्चों का नामंकन में बृद्धि होने से ए और बी सेक्शन चलाने की मुहिम जारी है। साथ हीं परिजनों को अभी भी खटक रहा है कि क्या हमारे बच्चों को प्लस टू तक इसी विद्यालय में शिक्षा मिलेगी ।यदि नहीं मिलेगी तो वैसे में बच्चों तथा बच्चों के परिजनों का दोहरा बोझ पड़ सकता है। ऐसे बड़ी सवाल है कि विद्यालय उद्घाटन कब होगा और इसका उद्घाटन कौन करेंगे। कब करेंगे नवनिर्मित विद्यालय में बच्चे पढाई। या उसी तरह मुँह बाये विद्यालय रहेगा खड़ा।

## बालूमाथ में चरम पर है अवैध लोहा चोरी का कारोबार

# 2 वर्षों में सवा अरब का हो चूका है लोहे की चोरी

➲लोहा चोरी मामले ने त्वरित हो रहा है कार्रवाई : थाना प्रभारी प्रशांत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में संचालित कबाड़ी दुकानदारों द्वारा पिछले 2 वर्षों में एक अरब 20 करोड रुपये चोरी का लोहा का कारोबार हो चुका है। सूत्रों के अनुसार अभिजीत ग्रुप के लोहा चोरी प्रत्येक महीना 5 करोड़ के लोहे का चोरी की जाती है। इस तरह देखा जाए तो 1 साल में 60 करोड़ एवं 2 वर्षों से यह कारोबार संचालित है जिसमें एक अरब 20 करोड़ का लोहा चोरी का कारोबार बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदारों द्वारा किया जा चुका है। इस कारोबार में सिर्फ बांग्लादेशी रोहंगिया 80 करोड़ से ज्यादा का कमाई कर चुके हैं। बाकी कबाड़ी दुकानदार पुलिस व अन्य कई सफेदपोश भी इस रकम के अवैध काली कमाई का हिस्सेदार है। वर्तमान में चकला से दामोदर तक लगभग 600 लोहे का 13 मीटर का पोल की चोरी कर ली गई है अभी एक पॉल की कीमत बाजार में लगभग 75000 आकी जाती है इस तरह सिर्फ पोल की कीमत साढ़े 4 करोड रुपए की पोल की चोरी हो चुकी है। इस अवैध कारोबार में बालूमाथ व चंदवा के कबाड़ी दुकानदार संलिप्त थे। इधर कुछ दिनों से चंदवा पुलिस द्वारा कडॉई किए जाने के बाद सभी अवैध कारोबारी की निगाहें बालूमाथ कबाड़ी पर नजर जमाए हुए हैं। और यही कारण है कि बालूमाथ में कबाड़ी दुकानदार द्वारा लोहे का चोरी का धंधा दिन रात फल फूल रहा है। जिस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। इस संबंध में पूछे जाने पर बालूमाथ के थाना प्रभारी ने बताया कि लोहा चोरी की जानकारी मिलते ही संबंधित चोर पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अभी तक दर्जनों लोहा चोर को जेल भेजा जा चुका है। इस मामले को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान के बिना छात्रों का जीवन अधूरा : डॉ श्रीमती गुप्ता

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा क्षेत्र स्थित सुकरी गड़ा-लारी में कंप्यूटर शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन



टीचर्स ट्रेनिंग लारी की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता,विद्यालय के सचिव महोदय विजय प्रभाकर, प्रशासनिक अधिकारी जय प्रकाश कसेरा,प्रधानाचार्या झुनको कुमारी,उप प्रधानाचार्या सुजाता कुमारी, आदित्य भारती, नेहा वर्मा, स्वेता कुमारी, जूही कुमारी, सुप्रिया कुमारी,नीलम कुमारी तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कंप्यूटर लैब इंचार्ज उजाला कुमारी को नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि ने कंप्यूटर के महत्व को बताते हुए कहा कि आधुनिक समय में बिना कंप्यूटर के जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती है।कंप्यूटर का उपयोग ऑनलाइन शिक्षा और अनुसंधान के लिए किया जा सकता है । इंटरनेट की मदद से, छात्र अपनी परियोजनाओं, असाइनमेंट के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विजय प्रभाकर ने कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राओं को कंप्यूटर लैब की सौगात मिली है।यहां बच्चों को बेसिक एजुकेशन तो पहले से ही दी जा रही है, लेकिन अब कंप्यूटर शिक्षा में इन बच्चों को दक्ष बनाने के लिए काम किया जा रहा है।

### एक दिवसीय धरना को लेकर प्रगतिशील मगही समाज ने की बैठक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता के आवास पर संपन्न हुआ ।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है ,आगामी 12



मई 2023 को पटना के गांधी मैदान में जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना के कार्यक्रम है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रगतिशील मगही समाज के केंद्रीय महासचिव रवि ने कहा कि जिला सचिव धनंजय के नेतृत्व में हजारीबाग से आप लोगों को जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की आवाज बुलंद करे। आप लोग मगध की पूर्व राजधानी पाटलिपुत्र की धरती से जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था के निर्माण का आवाज बुलंद करने के लिए अपील किए । केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने भी लोगों को संबोधित किए इस बैठक में हजारीबाग कोडरमा चतरा तीनों जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण ,महिला जिला सचिव नीतू आनंद ,संयुक्त सचिव कालेश्वर प्रसाद , संगठन सचिव बालेश्वर मेहता, वित्त सचिव डॉ सुरेश , चतरा जिला सचिव जगदेव , रामेश्वर राणा , विनोद , अयोध्या प्रसाद मेहता , पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक, पवन , शंभू इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### पीवीयूएनएल सीएसआर मद से रसदा में कम्युनिटी हॉल का हुआ शिलान्यास

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम रसदा शिव शक्ति मंदिर के प्रांगण में कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर



सिलापट अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो यही मेरी पहली प्राथमिकता है। यहाँ के ग्रामीणों के द्वारा बहुत दिनों से मांग थी जिसे मैं तत्काल कार्रवाई करते हुए पीवीयूएन को अनुशंसा की इसके बाद इस पर लगातार जल्द से जल्द काम हो उसके के लिए हमेशा प्रखंड से लेकर जिला तक एनओसी करवाया। जिसका नतीजा है कि आज पीवीयूएन के सीएसआर मद के तहत यह कार्य हो पाया। जिसकी लागत लगभग 60 लाख रुपैया का है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीवीयूएन के महाप्रबंधक निरज राय, सीएसआर हेड राजेश डुंगडुंग प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,संवेदक अरूण साव,योगेंद्र सिंह खरवार,संजय सिंह,बसंत साव,रोहित साव, रूपलाल साव,डोमन महतो,रवि साव,नन्दलाल महतो,लखन मुण्डा, नागेश्वर साव,सुभाष कुमार,राजेश्वर कुमार,सुरेश साव,अनिता देवी, ललीता देवी,रूपा देवी,निर्मला देवी,सरीता देवी,बब्लू कुमार,दिपक कुमार,प्रदीप साव,उमेश कुमार,राम लखन साव,रामशरण साव एवं सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने किया पटेल चौक स्थित ट्रामा सेंटर का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हाल ही में देश में कोरोना के नए मामले सामने आने के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पटेल चौक, रामगढ़ स्थित ट्रामा सेंटर रामगढ़ का निरीक्षण कर जिले में किसी भी कोरोना मरीज की पहचान होने के उपरांत इलाज़ हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं उनके उपचार हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उपायुक्त ने पटेल चौक स्थित ट्रामा सेंटर में मॉक ड्रिल का जायजा लेते हुए सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात कुमार को कोरोना मरीजों के उपचार से संबंधित सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को निर्धारित प्रक्रिया की पूरी जानकारी देने एवं उनकी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को स्टैंडबाई मोड पर रहने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से रामगढ़ जिले में कोरोना मरीजों के उपचार हेतु उपलब्ध स्वास्थ्य उपकरणों सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए गए पीएसए प्लांट का निरीक्षण कर उनका कार्य करना सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, डीपीएम एनएचएम, अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल रामगढ, चिकित्सकों/कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने शीतला मंदिर सुंदरीकरण को लेकर नप अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा नीचे धौड़ा ग्रामीणों के द्वारा सोमवार को मां शीतला मंदिर सुंदरीकरण को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया को एक मांग पत्र सौंपा गया। लोगों ने बताया कि बीते करीब 30 सालों से आदिवासी समाज, मूलवासी समाज के लोग माता शीतला की पूजा दामोदर नदी तट के किनारे छोटे से मंदिर में करते आए हैं। जिसे सुंदरीकरण की आवश्यकता



हैं। मौके पर अगुवाई कृष्णा पासवान, भरत गोप, जितेंद्र प्रसाद, गोविंद गोप, राकेश गोप, सन्नी गोप, प्रीतम गोप, राकेश मुंडा, करण गोप, सुरेश राम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## हजारो कार्यकर्ता करेंगे सामाजिक न्याय मार्च : विकास राणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की बैठक बंशीलाल चौक स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई ! इस बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया ! कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए ! बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार



महतो के निर्देशानुसार 13 अप्रैल 2023 को आजसू पार्टी सामाजिक न्याय मार्च की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया ! 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में आजसू पार्टी के हज़ारो कार्यकर्त्ता ओबीसी आरक्षण, स्थानीय निति एवं नियोजन निति को लेकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपेंगे ! सामाजिक न्याय मार्च के माध्यम से हज़ारीबाग जिला मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय पहुँचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंग ! बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में पार्टी के हज़ारो कार्यकर्त्ता सामाजिक न्याय मार्च के माध्यम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे ! अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा की झारखण्ड में सिर्फ झूठ और लूट की सरकार चल रही है ।

## बरही पश्चिमी मंडल में भाजपाइयों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के तिलैया रोड़ स्थित होटल उज्जैना में मंगलवार को भाजपाइयो ने भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष अमित साहू की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में भ्रष्ट और निकम्मी राज्य सरकार को घेरने के लिए प्रभात तारा मैदान कल रांची जाने की तैयारी पर चर्चा किया गया। बताया कि सभी पंचायत से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ, झारखंड राज्य को लूट, झूठ और अत्याचार से बचाव का तख्ती लिए विरोध



जताया। बैठक में वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पुर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी आदि शामिल थे।

## पंचायत सौंदा डी में फुटबॉल किट का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मुख्यमंत्री फुटबॉल आमंत्रण प्रतियोगिता के तहत प्रखंड पतरातू के पंचायत सौंदा डी जयनगर फुटबॉल ग्राउंड में खिलाड़ियों को खेलने के लिए फुटबॉल किट वितरण किया गया। फुटबॉल किट का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी हरीनाथ महतो,पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा,पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडे,प्रधान सहायक चितरंजन कुमार,पंचायत सेवक नरेश हजाम,नाजिर दीपक दास ने किया। फुटबॉल किट वितरण समारोह में प्रखंड विकास



पदाधिकारी हरीनाथ महतो ने कहा कि प्रखंड के खिलाड़ियों को खेलने के लिए और प्रोत्साहित किया जाएगा। पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि पंचायत के खिलाड़ियों में खेल की भावना काफी है। जिन्हें आगे बाढ़ाने के लिए जहां तक होगा हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर पंचायत के खिलाड़ी लक्की,प्रेमदीप कुमार, रोहित कुमार सिंह,रोहित कुमार मुंडा, निखिल कुमार,प्रवीण नायक,प्रदीप दास,रोशन चौधरी,कल्लू राम,धीरज कुमार,चंदन कुमार,आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने जनता को गुमराह कर सत्ता में आने का काम किया : डॉ. आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इचाक :** इचाक बाजार में सोमवार को कांग्रेस पार्टी का जय भारत सत्याग्रह आंदोलन को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन कांग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता के नेतृत्व एवं कांग्रेस इचाक प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि इचाक प्रखंड संगठन प्रभारी एवं प्रदेश डेल्ही गेट डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह कर भाजपा सत्ता में आने का काम किया। क्योंकि उनकी झूठ बोलने की ये संस्कृति है। कांग्रेस ने हरित क्रांति लाया। पर भाजपा ने देश वासियों और किसानों को सिर्फ धोखा दिया है। प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सच्चाई की आवाज उठाने वाले



राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त करवा दिया गया। केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ पूरे देश मे कांग्रेस पार्टी का जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन कर केंद्र सरकार के कारनामो को जन जन तक पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को कोडरमा लोक सभा के इचाक प्रखण्ड के मुख्य बाजार इचाक बाजार में संविधान बचाओ नुक्कड़ सभा किया गया। डॉ मेहता ने केंद्र की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। प्रो ब्रजकिशोर मेहता कांग्रेस की शाशन काल मे किये गए जन हित की कार्यो को विस्तार से रखे। उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री स्व इंदिरा गांधी के समय की महंगाई तथा आंदोलन और वर्तमान की महंगाई और आंदोलन पर चर्चा किया। कार्यक्रम को पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष चंदेदेव मेहता, प्रो ब्रजकिशोर मेहता, बिरजू प्रसाद मेहता पूर्वी मण्डल अध्यक्ष गिरधारी कुशवाहा, बसंत महतो, ददन पाठक, सीताराम मेहता ने सम्बोधित किया। मौके पर जलेश्वर यादव, प्रेम प्रसाद मेहता, बसंत मेहता, काली राम, प्रदीप मेहता, क्या नाम है आपका अभिजीत कुमार सिंह परमजीत कुमार सिंह देवी, कबिलासी देवी, आरती देवी, कबूतरी देवी, सावित्री देवी, सीमा देवी, मालती देवी, सावित्री देवी, बजनी मोसमात, मंजू देवी, कांति देवी, मो हनीफ, हेमन साव, मो इमामन, उतिम महतो, रामचंद्र मेहता, शिक्षक शिवलाल प्रसाद, मुंशी मेहता समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष लालमोहन रविदास जबकि संचालन मौलाना मुख्तार ने किया।

## रामनवमी महासमिति करियातपुर ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को रामनवमी महासमिति करियातपुर के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व करियातपुर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सह धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने किया। मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारियों, पत्रकार साथियों व विभिन्न अखाड़ा के पदाधिकारीयो व सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों में जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कोबरा 203 के इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव आदि ने कहा कि करियातपुर रामनवमी महासमिति बहुत ही बेहतर तरीके से रामनवमी महापर्व को संपन्न किया, इसके लिए सभी अखाड़ों के पदाधिकारी व समिति के सदस्य साधुवाद के पात्र हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, करियातपुर मुखिया मनोज रविदास, दुलामाहा पंचायत के मुखिया नारायण यादव, महिला नेत्री किरण वर्मा, शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद प्रसाद व विभिन्न अखाड़ा के पदाधिकारी व सदस्यों में बिनोद प्रसाद, नरेश कुमार, नन्दलाल प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार, अजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, संजय प्रसाद, चन्दन कुमार, प्रकाश साव, तिलक यादव, केशो यादव, विकाश यादव, कमलेश कुशवाहा, मनोज केसरी, बाबुलाल पासवान, अमरजीत मेहता, विनय कुमार, सुनील ठाकुर, राजकुमार प्रसाद, खूबलाल महतो, गणेश साव, सकलदेव यादव, जागेश्वर साव, पप्पू वर्मा, धर्मेन्द्र प्रजापति, मनोज कुशवाहा, शुभम केशरी, मुन्ना सोनी, सुनील ठाकुर, भीम केशरी आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने विष्णुगढ़ में निकाली जय भारत सत्याग्रह यात्रा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ काली मंदिर, बाजार टांड में कांग्रेस पार्टी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह यात्रा का कार्यक्रम विष्णुगढ़ में किया गया । जिसकी अध्यक्षता अब्बास अंसारी ने की । काँग्रेस पार्टी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गौतम अडानी के रिश्ते क्या है? साथ ही काँग्रेस पार्टी के तमाम सदस्यों ने कहा कि मोदी सरकार 20,000 करोड के घोटाले पर चुप है,इस घोटाले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल है । इसकी जांच जेपीसी से कराने की बात पर काँग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गाँधी पर बिजली की गति से कार्यवाही करते हुए साँसद सदस्यता रद्द कर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है ।इस कारण काँग्रेस पार्टी पूरे देश मे प्रधानमंत्री के जनविरोधी तथा तानाशाही रवैये के विरोध में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर अपनी बातों को जनता के बीच रखेगी । जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने जमकर राहुल गांधी के पक्ष में एवं मोदी सरकार के विरोध में नारे लगाए।अपने बातों को रखते हुए काँग्रेस पदाधिकारियो ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि और आम जन को आह्वान किया कि 2024 में भाजपा सरकार को हटाना है,और कांग्रेस को लाना है।

## बड़कागांव में टपक सिंचाई योजना में हो रहा घोटाला

# चार एकड़ जमीन का बजट बना कर एक एकड़ में हो रहा योजना का कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत सिंचाई कार्य के लिए टपक सिंचाई योजना का कार्य प्रखंड के कई गांवों में किया जा रहा है। प्रखंड के महुगाई कला पंचायत अंतर्गत अति सुदूर ग्रामीण छेत्र बलोदर में टपक सिंचाई योजना के कार्य में घोर अनियमितता देखने को मिल रहा है। ताज्जुब तो तब हुआ जब जांच टीम का दौरा बलोदर गांव में हुआ। जांच के क्रम में पता चला के सूची में ऐसे लाभुकों का नाम है जिनकी मृत्यु एक वर्ष पूर्व में ही हो गई।



मृत लाभुक के परिजन से बात करने पर पता चला के कंपनी के तरफ से उन्हें कुछ भी नही दिया गया है और ना ही इसकी जानकारी दी गई है। एक लाभुक धनवा देवी ने कहा के मुझे डरा धमका कर मेरे जमीन पर नल और पाइप ये सब लगा दिया गया है। सूत्रों की जानकारी के अनुसार बालसन कंपनी और विभाग की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की निकासी फर्जी तरीके से की जा रही है। बालसन कंपनी वैसे लाभुक का चयन करती है जिसे किसी तरह की शिकायत न हो और न ही किसान को इस योजना के बारे में किसी तरह की जानकारी हो। 4 एकड़ जमीन का बजट बना कर एक एकड़ में योजना लगाया जा रहा है। जिससे तीन एकड़ के बजट का पैसा सीधे तौर पर कंपनी और विभाग के लोग मिल बांट कर गबन कर रहे हैं।

# रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** हज़ारीबाग़ की ख्यातिपूर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न होने के बाद कई अखाड़ाधारियों के ऊपर विभिन्न थाना मे डीजे बजाने को लेकर केस कर दिया गया है जिसको लेकर अखाड़ा धारियों मे भय का माहौल है. साथ ही कई अखाड़ाधारियों के ऊपर शांति भंग करने का भी केस किया गया है . इन्ही सब मामले को लेकर हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से मुलाकात किया. इस संबंध में रामनवमी महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने



पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग किया कि डीजे संबंधित जो भी केस दर्ज है उन्हें हटाया जाए साथ ही अन्य मामलों में जो निर्दोष हैं उन्हें दोषमुक्त किया जाए. इन मांगों पर पुलिस अधीक्षक ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी निर्दोष के ऊपर करवाई नहीं की जाएगी अनुसंधान करने के बाद जो शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास करने का दोषी पाए जाएंगे करवाई उन्हीं पर की जाएगी जो निर्दोष हैं उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा . रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने अखाड़ा धारियों व राम भक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अंतिम समय तक उनके साथ खड़े रहेंगे उन्हें उनकी परेशानियों से निजात दिलाकर रहेंगे .

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सिविल सर्जन ने की मिजिल्स रुबेला की टीका लगाने की अपील



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिजिल्स रुबेला संक्रमण की रोकथाम के लिए असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक विश्वकर्मा ने मीजल्स-रूबेला का टीका लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में हमें सभी का सहयोग मिला तो हम अपने जिला से मीजल्स एवं रूबेला जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चों को बचाने में कामयाब होंगे। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने नौ माह से पंद्रह वर्ष तक के बच्चों को एमआर का टीका जरूर लगवाएँ ये पूरी तरह सुरक्षित है। पहले भी ये टीका बच्चों कों लगता आया है। मिजिल्स व रुबेला तेज़ी से फैल रहा है, इसके लिए सभी बच्चे जो पहले से ये टीका ले चुके हैं या टीका नहीं लिए है सभी को एमआर से सुरक्षा के लिए टीका दिया जाना है। उन्होंने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा।

## पांच दिवसीय शिव शक्ति आराधना का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी मनियांडीह निवासी मनसा दां के यहां पांच दिवसीय शिव शक्ति आराधना का आयोजन क्लश यात्रा के साथ आज रविवार से पुजा प्रारंभ हो गया। विदित हो कि मनियांडीह निवासी मनसा दां अपने सपरिवार के साथ पुजा में शरीक हुए हैं। बताया जाता है कि मनसा दां के घर से 108 कन्याओं के द्वारा माथे पर क्लश लेकर मनियांडीह से पोखरिया जोरिया तक पैदल चलकर जय श्री राम जय श्री राम नारे लगाए गए और नदी से पुनः जल भरकर वापस अपने घर आये जहां क्लश पुजा के साथ पांच दिवसीय शिव शक्ति आराधना की पुजा प्रारंभ हो गया यह आराधना 10 से लेकर 14/4/2023 तक चलेगा जहां भंडारे के साथ संपन्न होगा। मनियांडीह मुखिया सुपर्णा देवी के सौजन्य से सभी क्लश यात्रा में शामिल हुए लोगों के लिए शर्बत की व्यवस्था की गयी थी। इस भक्तिमय आयोजन में मुख्य रूप से मनियांडीह मुखिया सुपर्णा देवी , उनके प्रतिनिधि जयप्रकाश दां, उप प्रमुख संतू गुप्ता, उनके प्रतिनिधि कनक गुप्ता, नवयुवक संघ समिति के मोहन दां,कन्हाई दां, मनोरंजन रक्षित,ध्रुप दां,तारापद दां आदि लोग इस भक्तिमय जागरण में शामिल हुए।

## जसअ मंच बाघमारा प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र जलसहिया अधिकार मंच बाघमारा प्रखंड की एक बैठक महेशपुर पंचायत सचिवालय में रखी गई जिसकी अध्यक्षता बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा देवी ने की मुख्य रूप से जलसहिया अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष जया देवी शामिल हुई बैठक में पुष्पा देवी ने कहा कि 20 अप्रैल को बाघमारा प्रखंड की जलसहिया अपनी मांगों को लेकर धनबाद के उपायुक्त महोदय एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल दो के कार्यपालक अभियंता से मिलेगी। बैठक जया देवी मुन्नी देवी भुनेश्वरी देवी शबनम देवी किरण देवी मिट्ठू देवी आदि मौजूद थी।

## बाल विवाह उन्मूलन क्षमता विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कंचनपुर(महुदा) में आशा किशोरी मंडल के किशोरियों के बीच बाल विवाह के खिलाफ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम एक दूसरे की पहचान खेल के माध्यम से बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया । ट्रस्ट के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाहसभ्य समाज के लिए कलंक है। बाल विवाह होने से न सिर्फ बच्चों का शारीरिक क्षति होती है बल्कि बच्चियां मानसिक तनाव से भी गुजरती है। सचिव हलीमा एजाज ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में तेजी आ रही है। उक्त शिविर में माला देवी ,विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी ने प्रशिक्षण दिया।

## आउटसोर्सिंग परियोजना का होगा चक्का जाम : शिवकुमार

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चहेते मजदूरों से सुविधाजनक कार्य कराने तथा अन्य मजदूरों से भिन्न भिन्न कार्य कराने को लेकर जबरन भेजे जानेवाले कार्य स्थलों के मामले को लेकर प्रबंधन मजदूरों को लगातार प्रताड़ित करने कि रवैया में बदलाव नहीं लाया तो क्षेत्र में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना का चक्का जाम किया जाएगा। उक्त बातें सोमवार को जयरामपुर कोलियरी कार्यालय के समक्ष बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कि ओर से मजदूरों कि समस्याओं को लेकर कि गई प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह ने कही। यूनियन के शाखा सचिव सुनील पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में शिव कुमार सिंह ने कहा कि जयरमपुर के परियोजना पदाधिकारी रिश्वतखोरी को लेकर मजदूरों को कार्य बांटने को लेकर भेदभाव बरतते हुए परेशान कर रही है। उन्होंने पीओ पर आरोप लगाया कि प्रबंधन इन दिनों कुछ खास यूनियन नेताओं के इशारे पर मजदूरों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाकर मजदूरों को परेशान करना बंद नहीं किया तो लाल झंडा के समर्थक प्रबंधन को ईट से ईट बजा देगी।

## उप विकास आयुक्त ने किया एसएनएमएमसीएच कैथ लैब का निरीक्षण

# कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए आईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट सहित अन्य विभागों का लिया जायजा

### 130 से अधिक मरीजों का एक साथ होगा इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोविड संक्रमित मरीजों का सुचारू रूप से इलाज करने तथा अस्पतालों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के कैथ लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, रसोईघर, ऑटोमैटिक रोटी मेकिंग मशीन, लॉन्ड्री रूम, दवाइयों का स्टोर रूम इत्यादि विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सभी वार्ड में लाइट, पंखा को दुरुस्त करने, जिस बेड के पास ऑक्सीजन पाइप लाइन का कनेक्शन



नहीं है वहां ऑक्सीजन सिलेंडर रखने, खाली ऑक्सीजन सिलेंडरों को रिफिल कराकर रखने, पीएम केयर से आए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को चालू स्थिति में रखने, जहां पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से कनेक्शन नहीं है वहां शीघ्र कनेक्शन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में आज एसएनएमएमसीएच कैथ लैब का निरीक्षण किया और एक मॉक ड्रिल भी कराया गया। उन्होंने कहा धनबाद में कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए 130 ऑक्सीजन सपोर्टेड बैड, 50 वेंटिलेटर तैयार है। इसके अतिरिक्त 250 से 300 और बैड तैयार हैं। सभी पारा मेडिकल स्टाफ, चिकित्सक का रोस्टर भी तैयार कर लिया गया है। बैड के पास ऑक्सिजन की आपूर्ति को भी चेक किया गया। रसोईघर व ऑटोमैटिक रोटी मेकिंग मशीन का भी निरीक्षण किया। वहीं लॉन्ड्री रूम में संक्रमित मरीजों के कपड़े, बेडशीट इत्यादि को कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार साफ करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमित मरीजों का इलाज करने के लिए सभी तैयारियां संतोष पूर्ण है। साथ ही कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन इत्यादि में जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा जिससे कोई संक्रमित व्यक्ति किसी अन्य को संक्रमित ना कर सके।

## कोरोना सतर्कता को लेकर किया गया मॉकड्रिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में कोरोना सतर्कता को लेकर सोमवार को गावां सीएचसी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें कोरोना के काल्पनिक मरीज़ को एंबुलेंस से उतारकर कोरोना वार्ड में एडमिट किया गया। इस दौरान 2 मिनट के अंदर ऑक्सीजन मास्क से लेकर मशीनों की तारे मरीज़ के शरीर से जोड़ दी गई। मरीज जैसे ही एंबुलेंस से कोरोना वार्ड के पास पहुंचा, पीपीई किट पहनकर पहले से मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने तमाम सावधानी से मरीज को एंबुलेंस से उतारते हुए स्ट्रेचर पर लिटाया और सीधे कोविड वार्ड में एडमिट किया। इस दौरान वार्ड के अंदर मौजूद चिकित्सकों ने मरीज़ के इलाज की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.चन्द्रमोहन कुमार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल के जरिए तैयारियों को टटोलते हुए उसे और पुख़्ता किया जा रहा है। कोरोना के मरीजों को रिसीव और इन्वेस्टिगेट कैसे करना है, उन्हें ट्रीट कैसे करना है, इसकी पूरी तैयारी सीएचसी गावां में है।

## सरिया : हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के सरिया खुर्द पंचायत में हाथियों के झुण्ड ने जमकर उत्पात मचाया कई किसानो के फसल को चौपट कर दिया तो किसी के घर में घुस कर अनाज बर्बाद कर दिया, सरिया खुर्द के चन्द्रिका मंडल ने बताया की करीब रात के 10~30 के आस पास हाथियों के झुण्ड को अपने खेत में घुसने की जानकारी मिली वैसे ही हम अपने खेत तरफ गये तब देखा की हाथी की झुण्ड ने हमारी खेत की चारदिवारी को बुरी तरह से ध्वस्त कर दिया है मेरे खेत में प्याज़ लगा हुवा था जिसे हाथियों ने कुचल कर बर्बाद कर दिया मेरे बगल के खेत जो छोटू प्रसाद का हैं उसकी भी चारदिवारी को तोड़ कर फसल को नुकसान पहुंचाया है, पिछली बार भी हाथियों में हमारे खेतो को नुकसान पहुंचाया था हम चाहते है प्रशासन के द्वारा उचित मुआवजा हमे और पीड़ितों को मिले। कहाँ कहाँ हाथियों ने पहुंचाया नुकसान ~ सरिया खुर्द पंचायत के अछूईयाटांड में चन्द्रिका मंडल के बाउंड्रीवाल और फसल, छोटू प्रसाद के बाउंड्रीवाल और फसल, भूदान आश्रम के टेकलाल तुरी के घर को बुरी तरह किया ध्वस्त, भोला महतो, राजकुमार महतो की बाउंड्रीवाल और फसल को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है।

**पिछली बार का भी अभी तक नहीं मिला मुआवजा** :- सरिया खुर्द के ग्रामीण चन्द्रिका मंडल ने बताया की पिछली वर्ष भी हाथियों ने कई लोगो के खेत में लगी फसल और बॉउंड्रीवाल को नुकसान पहुंचाया था लेकिन विभाग के लापरवाही से अभी तक नहीं मिला मुआवजा।

## उपायुक्त से मिलकर विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** जिला परिषद 29 के सदस्य मोहम्मद गुलाम कुरैशी ने सोमवार को धनबाद उपायुक्त से मुलाकात कर एगारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत मेढा पंचायत के नया नगर में विस्थापित हो रहे लोगों को पुनर्वास करने की मांग पत्र के माध्यम से किया है। जिसमे कहा गया है कि फ्रंट कोरिडोर निर्माण के लिए रेलवे द्वारा भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस क्रम में नया नगर में लगभग 40 घरों को रेलवे द्वारा तोड़ दिया गया। इन सभी का परिवार आवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं। प्रतिदिन इन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था



स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है। इन लोगों की स्थिति काफी दयनीय है। रेलवे द्वारा कहा गया था कि 45 मीटर से अधिक भूमि अधिग्रहण नहीं किया जाएगा परंतु लगभग 150 मीटर भूमि अधिकृत कर लिया गया है। गरीब लाचार एवं बेसहारा परिवार के लिए सरकारी भूमि चिन्हित कर पुनर्वास की व्यवस्था की जाय। उपायुक्त ने मामले में मदद का आश्वासन दिया है।

## सार्वजनिक जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सार्वजनिक जमीन का अवैध रूप से कब्ज करना, फर्जी कागजात बनाकर बेच देना जैसे कार्य सरिया अंचल के लिये कोई नई बात नहीं है, इस क्रम में एक और मामले को लेकर ग्रामीणों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से सार्वजनिक जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है, उक्त जमीन सरिया अंचल के अंतर्गत पूर्णिडीह पंचायत के ग्राम कंचनपुर में है जिसकी खाता संख्या ~ 36, प्लॉट संख्या ~99, रकवा 7.77 डिसमिल है जो गैरमजूरवा किस्म का है, इस बाबत ग्रामीणों का कहना है की उक्त जमीन में आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय भवन भी है और खाली जमीन को गाँव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग कब्ज़ा कर रहे हैं जिसकी जानकारी हमलोगो ने अंचल अधिकारी से लेकर उपायुक्त तक को दी है लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई उचित पहल नहीं



की गई हैं हमलोग चाहते है की जमीन सार्वजानिक रहे ताकि इसका उपयोग आने वाले समय में गाँव के विकास से सम्बंधित कार्य हो सके।

**पशुचिकित्सालय के लिये चिन्हित की जा रही है उक्त जमीन : मुखिया प्रतिनिधि**

पूर्णिडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील साव ने इस बाबत बताया की उक्त जमीन को लेकर दो बार ग्रामीणों ने बैठक की और सार्वजनिक जमीन को सार्वजनिक रखने का निर्णय लिया गया सबो के सहयोग से ट्रेंच भी मारा गया है, हम सबो के प्रयास से पशुचिकित्सालय बनाने के लिये चिन्हित भी किया है लेकिन कुछ लोगो के द्वारा ऐसे गलत कार्य किये जा रहे हैं हम प्रशासन से मांग करते है की उक्त जमीन को लेकर उचित निर्णय लिया जाये और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये।

## झामुमो नेरो पंचायत कमिटी का हुआ गठन



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** झामुमो जिला समिति के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार झामुमो प्रखंड समिति प्रत्येक पंचायतों में जाकर पार्टी की पंचायत समिति का पुनर्गठन कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। पंचायत कमेटी में दिलीप कुमार महतो अध्यक्ष एवं भृगुनाथ महतो को सचिव सहित 11 सदस्य कार्यकारिणी मंडली का भी चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लालचंद महतो एवं संचालन सचिव नवल किशोर केवट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष लालचंद, सचिव नवल किशोर केवट, मोती, मथुरा, सुरेश, शिवलाल, राजेश, ईश्वर लाल, मुकेश कुमार, जानकी, प्रकाश, हुबलाल, अर्जुन लाल महतो, देव नारायण, अजीत, प्रकाश, रवि महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## 141 दिनों से अप्रेंटिस युवाओं का धरना जारी, नहीं मिल रहा न्याय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर बीसीसीएल से प्रशिक्षित आईटीआई अप्रेंटिस खुले आशमान में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं और प्रबंधन से कंपनी अन्तर्गत चल रहे आऊटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार मांग रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि कंपनी एक वर्ष मजदूर की तरह कार्य करवा सेवामुक्त कर दे रही है और लगभग 30 वर्षो से तकनीकी पदों पर भर्ती बंद पड़ी हुई है। जिससे स्थानीय टेक्निकल युवाओं को इस बेरोजगारी की मार झेलनी पड़ रही है। कंपनी प्रबंधन से अप्रेंटिस संघ के प्रतिनिधि के साथ कई बार वार्ता हुई लेकिन परिणाम शुन्य रहा। युवाओं का कहना है कि बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को जल्द एमडीओं मॉडल कंपनियों में रोजगार मुहैया कराए अन्यथा जल्द कंपनी मुख्यालय का गेट जाम करेंगे। पूर्व में धनबाद सांसद पीएन सिंह जी की उपस्थिती में प्रबंधन से बैठक कर लिखित आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया मगर अब तक मांगे पूरा नहीं हो सकी। जिससे विवश होकर दुबारा धरना अब तक जारी है।

आन्दोलन के नेतृत्व अप्रेटिस संघ धनबाद के महामंत्री सूरज कुमार, संयुक्त महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रवक्ता संजय चौहान याजुदिन अंसारी, मकसूद अंसारी, जितेन्द्र बिन्द, निखिल, अखिलेश, अनुपम, उदय, अमित मिश्रा, प्रकाश, श्याम पांडे, रौशन, शनि के अलावा सैकड़ों धरनार्थि 141 दिनों से बैठे हैं और उग्र आंदोलन का चेतावनी दे रहे हैं।

## रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 74 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा 'रेल कौषल विकास योजना' के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रषिक्षण प्रदान कर कुषल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को दिनांक 06.03.2023 से 29.03.2023 तक पर्यवेक्षक प्रषिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्षन प्रषिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रषिक्षण केंद्र/दानापुर में 16वें बैच के रूप में प्रषिक्षण दिया गया। प्रषिक्षणोंपरांत कुल 74 प्रषिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रषिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1336 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 18वें बैच को फिटर ट्रेड



में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 23 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 18वें बैच के रूप में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 12 युवकों को बेल्डर ट्रेड में तथा 18 युवकों को मषीनिष्ट ट्रेड में प्रषिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

## श्री श्री 108 भागवत ज्ञान महायज्ञ की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** श्री श्री 108 भागवत ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को भव्य व आकर्षक शोभा यात्रा के साथ हुआ। प्रसिद्ध कथावाचक श्री हित ललित वल्लभ नागार्च के नेतृत्व में वृंदावन से पधारे 120 विद्वान पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच नत्थू तालाब से हजारो की संख्या में महिला श्रद्धालु कलश में जल भर शोभायात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा में आकर्षक रथ, घोड़े, राधा रानी की झांकी, कई देवी देवताओं की झांकी आदि शामिल थे जो शोभायात्रा को काफी आकर्षक बना दिया।

## एटी देवप्रभा कंपनी के खिलाफ भौरा के लोगों ने डीजीएमएस के समक्ष किया प्रदर्शन

# कंपनी के ऊपर लगाया मनमानी का आरोप

**गाइडलाइन से हट कर कोयला निकालने का काम**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भौरा ईजे एरिया 4 ए पैच में कोयला उत्खनन का काम कर रही देव प्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ सोमवार 10 अप्रैल को दर्जनों महिलाओं ने डीजीएमएस कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भौरा एरिया में जहां उत्खनन का काम हो रहा है, वहां एक हजार से अधिक लोग रहते हैं।



सभी यहां के रैयत हैं. बावजूद आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिक एल बी सिंह मनमानी कर रहे हैं। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की गाइड लाइन से हट कर कोयला निकालने काम किया जा रहा है। विरोध करने पर श्री सिंह ग्रामीणों के साथ गाली गलौज करते हैं और धमकी भी देते हैं। कम्पनी की मनमानी की वजह से घर में रहना मुश्किल हो गया है। घर से 20 मीटर की दूरी पर ब्लास्टिंग की जा रही है। जबकि डीजीएमएस के बनाए नियम के अनुसार 500 मीटर की परिधि से बाहर बालस्टिंग का काम करना है। इस नियम का घोर उलंघन हो रहा है। धूल डस्ट से लोग परेशान हैं।प्रदर्शन में जमसं (बच्चा सिंह गुट) के मल्लू सिंह, ज्योति देवी, मुन्नी देवी, प्रभा देवी, चंदन महतो आदि शामिल थे। बाद में हर्ष सिंह के नेतृत्व में के डी पांडेय, सुबोध सिंह, चंदन महतो, मल्लू सिंह ने डीजीएमएस प्रबंधन से वार्ता की।

## ईट-मिट्टी, लघु खनिज मूल्य निर्धारण करने को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड लघु खनिज रियायत नियमावली 2004 के नियम 66 के तहत ईट-मिट्टी लघु खनिज के मूल्य निर्धारण करने हेतु गठित समिति की बैठक उपायुक्त श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा झारखंड लघु खनिज रियायत नियमावली 2004 के नियम 66 के तहत ईट-मिट्टी लघु खनिज के मूल्य निर्धारण करने हेतु विभिन्न पैरामीटर्स पर चर्चा की गई।



जिला खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सलकर ने बताया कि धनबाद जिला अंतर्गत ईट मिट्टी के मूल्य निर्धारण करने हेतु एक समिति उपायुक्त धनबाद के आदेशानुसार गठित है।उन्होंने बताया कि ईट-मिट्टी लघु खनिज के मूल्य निर्धारण करने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, इसके पश्चात मूल्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है।

बैठक में उपायुक्त सह समिति अध्यक्ष संदीप सिंह, अपर समाहर्ता(राजस्व) नंदकिशोर गुप्ता, वाणिज्य कर विभाग से पंकज वर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## सिमडेगा के लैंपस सह कॉमन सर्विस सेवा केंद्र संचालकों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कृषि कार्यालय के सभागार में जिले के सभी लैंपस सह सीएससी (प्रज्ञा केंद्) संचालकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन जिला सहकारिता कार्यालय, नाबार्ड एवं सीएससी के संयुक्त तत्वाधान में जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, सीएससी के राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को सीएससी के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद वसीम इमाम के द्वारा सीएससी के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। लैंपस संचालक सह प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सीएससी द्वारा प्रायोजित डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम, बैंकिंग सेवा, डिजिटल लेनदेन, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्यक्रम, एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के सफल संचालन हेतु आवश्यक गतिविधियों से अवगत कराया गया, कि वह कैसे निश्शुल्क सीएससी आईडी प्राप्त कर अपने आय को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सीएससी आईडी बनने से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दिया साथ ही यह बताया कि वर्तमान में लैंपस सहित, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, स्वयं सहायता समूह के सदस्य एवं डाक विभाग के कर्मी भी सीएससी में निबंधित होकर जुड़ रहे हैं। डीडीएम नाबार्ड श्री निलेश कुमार के द्वारा यह बताया गया कि नाबार्ड सभी लैंपस संचालकों के कंप्यूटराइजेशन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यरत है। जिसके माध्यम से सभी लैम्पस संचालक सीएससी के साथ जुड़कर क्षेत्र के आम जनों को बैंकिंग सेवा एवं सीएससी संबंधित अन्य सेवाओं का लाभ प्रदान कर सकते हैं एवं साथ ही आय का सृजन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा लैम्प्स संचालकों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है ताकि आय सृजन की नई-नई संभावनाओं को पूरा किया जा सके एवं आम जनों को बैंक की लंबी कतारों से निजात मिल सके। सीएससी राज्य प्रबंधक प्रवीण कुमार के द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों सीएससी के माध्यम से संचालित ग्रामीण स्टोर एवं एग्री पोर्टल की जानकारी प्रदान की गई। सीएससी के प्लेटफार्म पर उपलब्ध उपकरण/ तकनीक एवं व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सहज प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदान की गई। सीएससी के जिला प्रबंधक विजय सिन्हा ने बताया कि आज की यह एक दिवसीय कार्यशाला एक पहल मात्र है जिससे सभी लैम्पस संचालकों को सीएससी से जुड़ने के लिए संकल्पित होने की आवश्यकता है। इसके बाद उत्तरोत्तर सहयोग के लिए जिला स्तर पर जिले के दोनों सीएससी प्रबंधकों द्वारा समय-समय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहेगा ताकि सभी संचालक कुशलतापूर्वक कार्य कर सकें। अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा कार्यशाला का समापन किया गया।

## शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 से 20 अप्रैल को महायज्ञ का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा के भौंरो में आगामी 14-20 अप्रैल को आयोजित होने वाले छह दिवसीय श्री पंच कुण्डात्मक, शिवरात्रि रुद्र महायज्ञ सह शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को नर्मदा से शिवलिंग भौंरो गांव लाया गया। नर्मदा से शिवलिंग आने के उपलक्ष्य में भौंरो के हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भंडरा के भौंरो मोड़ में शिवलिंग व आचार्यों का जोरदार स्वागत किया। साथ ही जय श्री राम,बजरंग बली की जय, हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ शिवलिंग को भौंरो नगर भ्रमण कराया गया। बता दें कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक भौंरो में भव्य श्री पंच कुण्डात्मक, शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ सह शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। जिसमें 14 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा, 15 अप्रैल को पीठ निर्माण वेदी पूजन, 16 अप्रैल को अग्नि स्थापना कर्म कुटी हवन प्रारंभ, 17 अप्रैल को जलाधिवास, महाभिषेक, नगर भ्रमण, 18 अप्रैल को न्यास शिव स्थापना, 19 अप्रैल को हवन व 20 अप्रैल को पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण सह भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बनारस से आचार्य श्रीश्री 108 दिगंबर अवधेशानंद गिरी नागा बाबा,अष्ट कौशल महंत राजपुरी नागा बाबा, शिवपुरी शास्त्री महाराज सहित कई आचार्य भौंरो पहुंच गए है।

## उपायुक्त ने कोविड-19 कि संभावित लहर से निपटने के लिए सदर अस्पताल में किया निरीक्षण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोविड-19 की संभावित लहर से उत्पन्न स्थिति से निबटने हेतु सदर अस्पताल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में उपायुक्त द्वारा सदर अस्पताल में अधिष्ठापित पीएसए प्लांट के संचालन की स्थिति, ऑक्सीजन सिलिंडर की उपलब्धता, वेंटिलेटर, नवजात बच्चों के लिए निर्मित एसएनसीयू वार्ड, कोविड वार्ड, जेनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया और तैयारियों हेतु आवश्यक निदेश सिविल सर्जन,लोहरदगा को दिये गये।इस मौके पर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसके लिए जिला प्रशासन लोहरदगा जिला में तैयारियों को लेकर सतर्क है। जांच के उपकरण उपलब्ध हैं। आज इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, अस्पताल प्रबंधक सुभाषिनी तिर्की, महामारी पदाधिकारी प्रशांत चौहान, आलोक कुमार साहू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कोविड टास्क फोर्स का किया गया गठन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोविड 19 महामारी के बढ़ते हुए प्रकोप को दृष्टिपथ में रखते हुए जिले में कोविड-19 से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के अनुश्रवण हेतु निम्न प्रकार कोविड टास्क फोर्स का गठन किया जाता है। उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा-अध्यक्ष अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा-सदस्य। सिविल सर्जन, लोहरदगा-सदस्य सचिव।डॉ0 ऐजुर रब-सदस्य। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद साहू-सदस्य। डॉ0 सुदामा राम-सदस्य। सुभाषिनी सी0 तिर्की, अस्पताल प्रबंधक-सदस्य। प्रशांत चौहान, महामारी पदाधिकारी-सदस्य। उमाकांत सिंह, भण्डार पाल-सदस्य। उक्त आदेश उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा जारी किया गया है। इस आदेश के अंतर्गत कोविड-19 टास्क फोर्स को समय-समय पर जिले में कोविड-19 से संबंधित गतिविधियों का अनुश्रवण प्रचार-प्रसार, टेस्टिंग, टीकाकरण, टेस्ट किट एवं दवाओं की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलिण्डर की उपलब्धता, पी0एस0ए0 प्लांट संचालन की स्थिति, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता वेंटिलेटर, बेड की उपलब्धता एवं संभावित कोविड-19 लहर से उत्पन्न स्थितियों का पूर्व आकलन करते हुए अन्यान्य व्यवस्थाओं का सतत् अनुश्रवण करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निदेश दिया गया है।

## बीडीओ ने आम बागवानी को लेकर प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक, दिए दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ ने बैठक कर मनरेगा योजना अन्तर्गत आम बागवानी को लेकर प्रखंड कर्मियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को निर्देश देते हुए कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में अन्दर सरकार द्वारा संचालित विकास योजना मनरेगा के तहत बिरसा हरित योजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो सौ एकड़ जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना द्वारा आम बागवानी करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसे पूर्ण करने के लिये दो दिन के अन्दर कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी 13 अप्रैल को उप विकास आयुक्त के साथ बैठक से पूर्व सभी को आम भगवानी से सम्बंधित प्रतिवेदन देने का भी निर्देश दिया गया। वही झालजमीरा, बुटी, अरु, बदला, सेरेंगहातु पंचायत में अधिक से अधिक मजदूरों को मनरेगा में कार्य देने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर मनरेगा बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे पंचायत सचिव आनन्द सिंह, भैया भगत, रिजवान अख्तर, ओमप्रकाश साहु, रोजगार सेवक शिवदयाल उराँव, रेखा कुमारी, लक्ष्मनदेव उराँव, योगेन्द्र ठाकुर सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

14 अप्रैल को सिमडेगा आएगें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय

## प्रदेश प्रभारी के सिमडेगा आगमन को लेकर जलडेगा कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय का सिमडेगा आगमन 14, अप्रैल को होना है। जिसको लेकर सिमडेगा कांग्रेस युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटी है। इसको लेकर सोमवार को जलडेगा प्रखंड कांग्रेस कमिटी जलडेगा की एक विशेष बैठक की गई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के सिमडेगा आगमन को लेकर चर्चा करते हुए तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें उनके स्वागत से लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक को प्रखंड अध्यक्ष श्री सुशील जडिया के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष मो सम्मी



आलम, जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया ने प्रखंड कमिटी के पदाधिकरी, सभी पंचायत अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष,बूथ कमिटी को कई दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, पंकज कुमार साहु, अनिल डांग, रहीम खान, कमरुदीन खान, अर्जून होरो, अमर तोपनो, मशीदास तोपनो, कोर्निलियूस, मनोज जोजो, अवध कुमार साहू, मुमताज अली ओमप्रकाश कांडूलना सभी पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से 60 वर्षीय महिला की हुई मौत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र के भक्सो कोयल नदी के पास की जहाँ 6 आरएल मेमू पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से बिजली पोल संख्या-484/2 के पास एक लगभग 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दोपहर 1 बजे के आस पास महिला लोहरदगा से भक्सो की तरफ जा रही थी इसी क्रम टोरी से लौट आ रही 6 आरएल मेमू की चपेट में आ गई जहाँ महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगो के द्वारा तुरंत ही सदर थाना को सूचित किया गया तथा मौके पर आ कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर पहचान कराने में जुटी हुई है। हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा शव की पहचान नही कर पाए क्योंकि चेहरा पूरी तरह जख्मी था,बाद में पुलिस ने अपनी कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने हेतु सीओ ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखण्ड के बड़की चापी पंचायत स्थित शिद्धार्थ नगर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह सोमवार 10 अप्रैल को शिद्धार्थ नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थान का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से कई विषय पर चर्चा की। सीओ श्री सिंह ने कहा कि यहां जल्द ही बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होगी। मौके पर कुडू उप प्रमुख एनुल अंसारी, अंचल अमीन, जेएमएम नेता संजू तुरी बड़की चापि वार्ड नंबर 4 वार्ड सदस्य सुनीता देवी, रमेश राम, रामचंद्र राम, बिंदेश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना पुलिस ने सोमवार को लंबे दिनों से फरार दो वारंटी को समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना क्षेत्र के झारो चट्टी गांव निवासी शिवनारायण साहू के पुत्र पंकज साहू (26 वर्ष) व कुंदो गांव निवासी महेश बैठा के पुत्र बाबूनंदन बैठा को घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पंकज साहू के विरुद्ध भंडरा थाना में मारपीट करने तथा बाबुनंदन बैठा के विरुद्ध चेक बाउंस का मामला दर्ज था। इसके बाद दोनों वारंटी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे थे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर जिप सदस्य ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर जिला परिषद सदस्य ने सेन्हा राम मुहल्ला स्थित प्रतिमा स्थल का किया निरीक्षण। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा राम मुहल्ला में स्थापित अंबेडकर प्रतिमा स्थल का जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने निरीक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात किया और अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर जायजा लिया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जीप सदस्य ने कहा समय बहुत ही कम है। और कम समय में डॉ अम्बेडकर के प्रतिमा का जीणोद्धार कार्य पूर्ण करना भी है। जिससे निर्धारित तिथि को डॉ0 भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाया जा सके साथ ही आसपास के गंदगी को हटाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना



प्राप्त हुआ था। सूचना के आलोक में उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अवगत कराते हुए जीणोद्धार को लेकर चर्चा किया गया था। और उसी पहल से एवं सभी के सहयोग से जीणोद्धार कार्य किया जाना है। साथ ही कही की अभी तक कार्य आरम्भ नही किया गया है। और समय काफी नजदीक है। जिसे स्थानीय राम मुहल्ला निवासी रमेश राम एवं ग्रामीणों को सहयोग से जल्द निर्माण कराने का निर्देश दिया गया है।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों व व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाला जाएगा न्याय मार्च

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय आजसू पार्टी निर्देशानुसार आगामी दिनांक 13/04/2023 दिन गुरुवार समय 11 00 बजे आजसू पार्टी कार्यालय लोहरदगा से समाहरणालय लोहरदगा तक सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति, नियोजन नीति,अवैध उत्खनन,शिक्षा नीति स्वस्थ नीति एवं भ्रष्टाचारी के खिलाफ सामाजिक न्याय मार्च किया जाएगा जिसमें आजसू पार्टी प्रखण्ड कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, पंचायत कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, ग्राम कमेटी के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों, बुद्धिजीवी मंच के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों, जिला कमेटी के तमाम पदाधिकारी जिला अध्यक्ष नगर एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, केंद्रीय कमेटी के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों, युवा मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों, महिला मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्या, चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, क्षेत्रीय प्रभारी से अनुरोध किया जाता है की उक्त दिनांक को सह समय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देंगे। यह जानकारी आजसू पार्टी जिलाधक्ष ओम प्रकाश भारती ने दी।

## कांग्रेस जिस तरह अंग्रेजों को खदेड़े थे उसी तरह 2024 में भाजपा को खदेड़ेगें : मोहन दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत आज दिनांक 10 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़की चापि बाजार टांड़ परिसर में नुक्कड़ सभा में यह कार्यक्रम तब्दील हो गई। इस मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तनवीर गौहर ने कहा कि आज पूरे देश में अराजकता का माहौल व्याप्त है,लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या की जा रही है,देश की संवैधानिक संस्थाओं को भारतीय जनता पार्टी विपक्षियों को धराशाई करने के लिए अपनी पार्टी की मंच,मोर्चा की तरह उपयोग कर रही है। 2014 से जब से मोदी सरकार केंद्र में आई है तब से महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, खाद्य सामग्री में अनाप-शनाप जीएसटी लगा दी गई है ।रसोई गैस,डीजल,पेट्रोल का दाम आसमान छू रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। इस मौके पर कुडू कांग्रेस प्रभारी शाहिद अहमद बेलू ने अपने




संबोधन में कहा कि बैंक में गरीबों की जमा पूंजी को अडानी को देने की काम मोदी सरकार कर रही है और जब इन सब चीजों का विरोध सड़क से सदन तक राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी कर रही है तो इससे नरेंद्र मोदी की सरकार घबड़ा कर एक झूठे केस में राहुल गांधी को फंसा कर सजा दिलवाने का काम किया और आनन-फानन में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। लेकिन हमारी यह सत्य की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। इस मौके पर सेन्हा प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि हम कांग्रेसी आजादी की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किए। आज अंग्रेजों में चाटुकारिता करने वाले केंद्र की मोदी सरकार को भी उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हैं और जनता की आवाज और अधिकार की लड़ाई निरंतर हम लड़ते रहेंगे। चाहे इसके लिए कोई भी बलिदान क्यों ही नहीं देना पड़े। इस सभा के माध्यम से हम मांग करते हैं कि अडानी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति की घोषणा करते हुए इसकी जांच कराएं जिससे दूध का दूध और पानी का पानी जनता के सामने आ सके। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी जिला सचिव परीखा मुंडा, बड़की चाँपि पंचायत अध्यक्ष जैनुल अंसारी, सलगी पंचायत अध्यक्ष प्रमोद साहू सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान जीप सदस्य ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला परिषद सदस्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का लिया जायजा घायल से की मुलाकात। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उसी दौरान रामनवमी मेला के समय 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से घायल मजदूर की जानकारी मिलते ही इलाज रत मजदूर से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी लेते हुए घटना का जायजा लिया। जिसपर उन्होंने कहा विद्यालय प्रांगण से 11 हजार बिजली तार गुजरने से बच्चों के लिए घातक है। इस बिंदु को लेकर उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अवगत कराते हुए हटवाने के दिशा में पहल किया



जाएगा। वहीं अस्पताल कर्मियों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए लैब, लेबर रूम चिकित्सा कक्ष सहित अस्पताल संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अस्पताल कर्मियों से जायजा लिया। और एंबुलेंस के बारे में भी पूछा गया । जिस पर एक अस्पताल कर्मी द्वारा एक ही एंबुलेंस होने का बात बताते हुए एंबुलेंस का समस्या से वागत कराया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा एंबुलेंस का समस्या को लेकर उच्च स्तरीय अधिकारीयों को अवगत कराते हुए एम्बुलेंस सेवा के लिये अनुरोध किया जाएगा।

## छात्र छात्राएं पढ़ाई के लिये करें मोबाइल का उपयोग : किरण पंडित



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित आकाश गंगा एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक उत्सव मनाया गया। प्रखंड के अरु पंचायत ग्राम में संचालित निनी विद्यालय आकाश गंगा एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल विद्यालय स्थापना का वार्षिकोत्सव मनाया गया। आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी लोहरदगा किरण पंडित उपस्थित थी। मुख्य अतिथि द्वारा सम्बोधित करते हुए छात्राओं तथा महिलाओं को आत्म सुरक्षा के बारे बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये मोबाइल का उपयोग कैसे करना चाहिये इसके विषय पर छात्र छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। वही स्कूल के प्रबंधक निखिल खत्री ने अभिभावकों से कहा की बच्चे बच्चियों को बहुमुखी प्रतिभाशाली बनाने के लिए अभिभावकों को शिक्षकों का साथ देना होगा। विद्यार्थी के माता पिता और शिक्षक के तालमेल से ही बच्चो के भविष्य का सफलतम निर्माण हो सकेगा। साथ ही आदित्य कुमार साहू ने भी सम्बोधित करते हुए कहा की आदर्श गुरु के बिना बिना ज्ञान कभी सफलपूर्वक प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षक के साथ माता पिता को मिलकर बच्चों को नैतिक रूप से मजबूत करना होगा। तब ही बच्चे बच्चियां समाज मे एक सफल व्यक्ति का बन सकते हैं। मौक पर अकाश कुमार साहू, वसीम अंसारी, जनार्दन राम, कुदुस अंसारी, निशा प्रजापति, निशा प्रजापति, पुष्पा कुमारी, कोसकी सोनी, निखत परवी, कुसुम कुजूर, अंजली सिंह, पूनम सिंह, सहीस्ता नाज सहित अभिभावक और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### शिक्षकों के साथ बैठक जरूरी : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (प्रभातम मंत्र संवाददाता) :** संत मरियम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। नए शिक्षण तकनीक के साथ बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक हुई। नई शिक्षा नीति, सरकार के दिशा निर्देश, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मानकों पर खरा उतरने एवं पिछले सत्र की कमी कमजोरियों पर समीक्षा बैठक रखी गई। बच्चों के बौद्धिक विकास, विद्यालय एवं पढाई के प्रति रुचि कैसे जगे और मानक अनुरूप विद्यालय कैसे बड़े इसके लिए नए पुराने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिस्पर्धा के बाजार में विद्यालय को शीर्ष मुकाम पर बनाये रखने का नुस्खा दिया गया। संत मरियम विद्यालय के तमाम शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय के प्रति समर्पण और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल प्रबंधन के हर निर्देश का पालन करेंगे। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए समय-समय पर शिक्षकों के साथ बैठक और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के पश्चात नई ऊर्जा और जोश के साथ सभी शिक्षक विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक के लिए प्रेरित करते है। विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि संत मरियम विद्यालय प्रबंधन स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रतिबद्धता को पुनः दोहराते हुए हम सदैव विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के प्रति कृत संकल्पित रहते है। मौक़े पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### सांसद के प्रयास से मिली: रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना की स्वीकृति



**मेदिनीनगर (प्रभातम मंत्र संवाददाता) :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्व बैंक की मदद से केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) के अंतर्गत 12329.87 लाख रूपए की लागत से रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना की 27 मार्च 2023 को कैबिनेट प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। सांसद बीडी राम ने बताया कि उक्त परियोजना से विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डो के 10271 घरों में लगभग 40 हजार की अबादी को शुद्ध पेयजलापूर्ति हो सकेगी। इस जलापूर्ति योजना का इंतजार विश्रामपुर प्रखण्ड की जनता को अविभाजित बिहार राज्य के समय से ही था। उक्त कार्य को करने हेतु जुड़कों कंपनी को कार्य आवंटित किया गया है। जुड़को उक्त आबादी को तीन स्थान पर तीन स्टोरेज टैंक 20 लाख क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर पाईप लाईन के द्वारा कोयल नदी से पानी लाकर जलापूर्ति की जायगी।

### मुख्यमंत्री ने एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय में मल्टीपरपस ऑडिटोरियम की रखी आधारशिला

## सीएम ने बच्चियों से किया सीधा संवाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तसरिया, सुंदरपहाड़ी, एमगोड्डा स्थित एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय में मल्टीपरपस ऑडिटोरियम की आधारशिला रखी।इस मौके पर उन्होंने स्कूल भवन और यहां उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पड़ रही बच्चियों से सीधा संवाद किया। बच्चियां भी अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर खुले दिल से पढ़ाई -लिखाई से संबंधित बातें साझा की। मुख्यमंत्री ने बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें। आपकी पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी। शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार कदम उठा रही है।आपके लिए सरकार ने छात्रवृत्ति की राशि में भी बढ़ोतरी कर दी है । आप मेडिकल- इंजीनियरिंग आदि की तैयारी करना चाहते हैं तो उसके लिए भी सरकार आर्थिक सहयोग दे रही है।वहीं, यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी बैंकिंग और रेलवे जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग का भी खर्च सरकार वाहन करेगी।इतना ही नहीं आपके मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पर जो खर्च आएगा, उसे भी सरकार देगी । विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार शत-प्रतिशत आर्थिक सहयोग दे रही है।

## अमृतपाल का साथी पप्पलप्रीत सिंह पंजाब के होशियारपुर से गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब और दिल्ली पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में खालिस्तानी अमृतपाल के साथ फरार हुए उसके मीडिया सलाहकार पप्पलप्रीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे पंजाब के होशियारपुर से गिरफ्तार किया गया है।

पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर 18 मार्च को कार्रवाई की थी। इस दौरान पुलिस ने उसके सैकड़ों साथियों और समर्थकों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, अमृतपाल अपने कुछ करीबियों के साथ भागने में सफल हो गया था, जिनमें उसका मीडिया सलाहकार पप्पलप्रीत भी था। 28 मार्च तक पप्पलप्रीत के अमृतपाल के साथ फोटो वायरल होते रहे। उसके बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि वह अमृतपाल से अलग हो गया है।

पप्पलप्रीत पर यूएपीए समेत पहले से कई मामले दर्ज हैं। उसे 2015 में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध होने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उस पर देशद्रोह के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पप्पलप्रीत को 2016 में भी गिरफ्तार किया गया था।

इस बीच सोमवार को पंजाब और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर पप्पलप्रीत को पंजाब के होशियारपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक आज अमृतसर के दौरे पर हैं। पंजाब पुलिस आज शाम को इस संबंध मे अधिकारिक जानकारी दे सकती है।

## एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी बरी



प्रभातम मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सोमवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह फैसला जज सतीश कुमार मुंडा की कोर्ट ने सुनाया। बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता अनिल पांडेय ने बताया कि पूरा मामला 29 अप्रैल 2011 का है। डालटनगंज के साहित्य समाज चौक के पास प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के विरोध से जुड़ा है। इस मामले में बाबूलाल मंराडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि शहर में प्रशासन के अतिक्रमण हटाने के दौरान बाबूलाल मरांडी ने विरोध किया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कोर्ट के फैसले पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उनके खिलाफ प्राथमिकी कराना गलत था। उन्होंने कुछ गलत नहीं किया था, इसलिए उन्हें आज न्याय मिला है।

## प्रथम झारखंड राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट ऑफिशियल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड एवं रांची जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थान कांके डैम पार्क रांची में प्रथम झारखंड राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट ऑफिशियल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड राज्य के विभिन्न 17 जिला के 63 पुरुष-महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। काफी उत्साह के साथ झारखंड प्रदेश के लिए इस नये खेल ड्रैगन बोट के विभिन्न प्रकार के नियम एवं दिशानिर्देशों की बारीकियों से जानकारी प्राप्त किए। इसमें ऑनलाइन वीडियो कॉल पर ड्रैगन बोट फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विनोद वर्मा जुड़े और सभी को इस खेल से संबंधित अपना अनुभव बताए। इस खेल में झारखंड के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने हेतु एक साथ सभी प्रशिक्षु ऑफिशियलो ने संकल्प लिया। ताकि इस खेल के माध्यम से यहां के खिलाड़ी अपना उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकें। श्री वर्मा ने बताया कि इस ड्रैगन बोट रेसिंग खेल को बड़े-बड़े लेखों/डैमो में खेला जाता है। इसमें महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग विभिन्न प्रकार की स्पर्धाएं है। साथ ही महिला पुरुष मिलाकर मिक्स स्पर्धाएं भी इसमें शामिल है। जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 500 मीटर, 800 मीटर, 1000 मीटर, 15 मीटर, 2000 मीटर एवं अन्य। इस खेल में खिलाड़ियों के लिए पदक प्राप्त करने की काफी असीम संभावनाएं है साथ ही यह खेल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति एवं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया से से मान्यता प्राप्त है तथा इस खेल में 23 सितंबर से 08 अक्टूबर 2023 तक चीन में आयोजित होने वाली 19वीं एशियाई खेल में भारतीय दल की भागीदारी भी सुनिश्चित है। उक्त कार्यक्रम में ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के अध्यक्ष श्री बी. सी. ठाकुर ,महासचिव श्रीमती सोनी प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, निदेशक संतोष प्रसाद, खूंटी जिला के सचिव गुडविन तोपनो, हजारीबाग के के अध्यक्ष रोहित कुमार, सचिव समीर कुमार अंबास्टा, गुमला से तपन कुमार राउत, सिमडेगा के बोकारो के सचिव आयुष ठाकुर, पूर्वी सिंहभूम के श्याम शर्मा, धनबाद से उत्पल रजक, रांची से अनुज कुमार, पवन कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड का गौरव सम्मान से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रांची के रेडिसनब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में सूबे के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को झारखंड का गौरव नामक सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी , विशिष्ट अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, संसदीय मंत्री आलमगीर आलम एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने बाबूलाल मरांडी को और वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह छतरपुर के पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बेडरूम में रखने वाले विदेशी पौधा फिडललीप देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। इसके उपरांत बाबूलाल मरांडी और अन्नपूर्णा देवी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और मुखिया पूनम जायसवाल को झारखंड का गौरव नामक सम्मान और प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से सम्मानित होते ही उनके जीवन काल में एक और सम्मान जुड़ गया। अबतक उन्हें देश और विदेश के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों द्वारा 50 पुरस्कार व सम्मान मिल चुका है। उनके अभियान के 56 वर्षों में अबतक 50 लाख पौधे वितरण व रोपण करने का कीर्तिमान शामिल है।वन राखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा है कि दूर दृष्टि, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ रात - दिन एक करके उन्होंने मिशन की शुरुआत किया था। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से केवल मानव की सेवा होती है परंतु पर्यावरण सेवा से इस ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा है कि बचपन से आज तक जंगल लगाओ जंगल बचाओ अभियान चलाकर तीसरा विश्वयुद्ध जल संकट और चौथा विश्वयुद्ध ऑक्सीजन संकट को टालने का प्रयास किया है। प्रदूषण से आजादी दिलाने के लिए शुरू किया गया इस अभियान से लोगों में काफी जागरूकता आयी है। इस जागरूकता का ही प्रतिफल है कि आज अधिकांश कार्यक्रमों का शुभारंभ पौधरोपण से किया जा रहा है। इतना ही नहीं सरकार ने भी पौधरोपण पर विशेष ध्यान दिया है। आज हर कोई उनके अभियान की सराहना करता है। मुखिया पूनम ने कहा है कि प्रदूषण से आजादी पाना है तो लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्रों को भी अपनाना होगा।

सम्मान समारोह में छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिका जायसवाल, आद्रिका एवं अनुषा भी शामिल थे।

### राहुल किस बिजनेसमैन से मिलने जाते हैं विदेश : भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद के बयान को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाया है। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल किया है कि आखिर वो कौन से बिजनेसमैन हैं, जिनसे वह मिलते हैं।रवि शंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने पिछले नौ सालों की विकास यात्रा में भारत के लिए एक भी अच्छा शब्द नहीं बोला। इसी के साथ उन्होंने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी एंटी इंडिया बिजनेसमेन के इशारे पर चल रहे हैं। सवालों की बौछार करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने पूछा कि क्या राहुल गांधी ने बोफोर्स केस के खिलाफ कुछ कहा? क्या उन्होंने क्वात्रोची को जिस प्रकार से भगाया गया, उस पर कुछ कहा? नेशनल हेराल्ड केस, जिसमें वो खुद बेल पर हैं, उस पर उनका क्या कहना है?

## हॉकी के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी फिर से शुरु होगा हॉकी इंडिया लीग



एजेंसी

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के प्रदर्शन और इसके बाद उन्हें जो सम्मान मिला, उसने देशवासियों के दिल में रहने वाली हॉकी की भावना को फिर से जगा दिया। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने 2013-2017 से आयोजित पांच सत्रों में हॉकी की दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं को एक साथ लाने के लिए इस भावना का प्रतीक बनाया। इस लीग ने टीम इंडिया के प्रदर्शन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए युवा प्रतिभाओं के लिए गहन प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा प्रदान की।

लीग को वापस लाने के लिए आज हॉकी इंडिया ने बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड को अपनी विशेष वाणिज्यिक और विपणन भागीदार एजेंसी के रूप में घोषित किया। यह हॉकी इंडिया लीग के पुनरुद्धार की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म श्री डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, मैं आज बहुत खुश हूं, क्योंकि हॉकी इंडिया लीग मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक थी जब मैंने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया था। यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

हम एचआईएल के लिए हमारे विशेष वाणिज्यिक भागीदारों के रूप में बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएमवीपीएल) को पाकर खुश हैं। खेल, ईस्पोर्ट्स, सामग्री, मीडिया और आईपी मुद्रीकरण के बारे में उनकी समझ अद्वितीय है और हम सामूहिक रूप से क्या हासिल और वितरित कर सकते हैं, इसको लेकर बहुत उत्साहित हैं।÷हॉकी इंडिया एचआईएल कार्यक्रम, प्रारूप और मेजबान शहरों का विवरण उचित समय पर साझा करेगा।

## सिसोदिया और जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ आप को मिला 10 लाख लोगों का समर्थन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ चलाए गए डोर-टू-डोर हस्ताक्षर अभियान में आम आदमी पार्टी को दिल्ली वालों का समर्थन मिला है।आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 13 मार्च को शुरू किए गए इस अभियान में दिल्ली के 10 लाख से ज्यादा लोगों ने सिसोदिया और जैन के समर्थन में चिट्ठी पर हस्ताक्षर किया है।बताया कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली के लोगों में आक्रोश है।

लोग पूछ रहे हैं कि देश का करोड़ों रुपए गबन करने वाले आजाद घूम रहे हैं और शिक्षा-स्वास्थ्य में बेहतरीन काम करने वाले मंत्री जेल में हैं, आखिर क्यों। राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ जोड़ कर विनती है कि दिल्ली वाले सिर्फ एक ही चीज चाहते हैं कि दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार जो अच्छे काम कर रही है, उनको करने दीजिए। इस दौरान 'आप' के मुख्य प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले एक महीने में आम आदमी पार्टी के दिल्ली संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की। उन्होंने एक-एक घर जाकर दरवाजा खटखटाया और लोगों को यह चिट्ठी दिखाई।

इसके बाद दिल्ली के लोगों ने इस चिट्ठी पर हस्ताक्षर किए। यह करीब 10 लाख से ज्यादा चिट्ठियां हैं। इन सारी चिट्ठियों को एक निवेदन के रूप में प्रधानमंत्री को दी जायेंगी। मैं हाथ जोड़कर दिल्ली वालों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इस मुहिम में आम आदमी पार्टी का अपरा पूरा साथ और आशीर्वाद दिया।

## इंडियन रोटी बैंक ने झुलसी महिला के इलाज का उठाया बीड़ा, डीसी ने भी लिया संज्ञान

### झुलसी महिला विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद की भतीजी, फिर भी बेखबर हैं ये जनप्रतिनिधि : दीपक तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** इंडियन रोटी बैंक के डॉक्टरों की संजीवनी टीम ने मानवता का मिसाल पेश किया है। सतबरवा प्रखंड के पोची गांव निवासी राजेंद्र भुइयाँ के 23 वर्षीय पुत्री अनीता देवी दो फरवरी को आग से झुलस कर बुरी तरह जल गई थी। जिसका इलाज परिजन पैसे के अभाव में नहीं करा पाए और घर लाकर भगवान भरोसे छोड़कर ग्रामीण चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं।

यह खबर इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी को जैसे ही मिला वे मानवता का परिचय देते हुए पीड़िता के गांव मेडिकल टीम लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सकों की टीम ने पीड़िता को जांच कर दवा दिया और बेहतर इलाज के लिए बाहर इलाज कराने का सलाह दिया। वही इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने पीड़ित महिला के परिजनों को आर्थिक मदद के अलावा खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया और गर्मी से निजात पाने के लिए उसे एक पंखा भी दिया। मनीता देवी पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयां की सगी भतीजी है। जबकि मनिता की चाची पुष्पा देवी पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वर्तमान विधायक है। सूचना मिलने के बावजूद भी इन दोनों पति व पत्नी को सामाजिक दायित्व का बोध तो छोड़ दीजिए, पारिवारिक वेदना भी इन लोगों के अंदर जागृत नहीं हुआ। जिस कारण मनीता जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मनिता की शादी तीन वर्ष पूर्व लातेहार जिला के बरवाडी थाना क्षेत्र के मुर्गीडीह गांव निवासी दिनेश भुइयाँ के साथ हुआ था। जो पत्नी को वर्तमान समय में छोड़ चुका है। गरीबी एवं आर्थिक तंगहाली के कारण राजेंद्र भुईयां और इसका पुत्र रोहित भुईया मजदूरी कर बच्ची को जान बचाने में लगे हुए हैं। जब इनके घर इंडियन रोटी बैंक की टीम पहुंची तो एक आशा की उम्मीद चेहरे पर झलकता दिखाई दिया कि अब हमारी बेटी के जीवन प्रदान करने वाला कोई रहनुमा मेरे घर आ चुका है। एक संबंध में दीपक तिवारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक समाज के किसी भी तबके के लोगों को सहयोग करने के लिए सदैव आगे रहता है।

दीपक तिवारी ने कहा कि यहां आने के बाद जब यह पता चला कि यह लड़की पूर्व सांसद मनोज भुईयां की भतीजी है तो यह सुनकर मन में थोड़ी तकलीफ हुई।उन्होंने कहा कि जिनके घर में दो-दो जनप्रतिनिधि जो भाजपा के कद्दावर नेता माने जाते हैं।

इंडियन रोटी बैंक के सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक का मुख्य उद्देश्य है कि समाज में जो भी हो रहा है उस पर पैनी नजर रखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या के अनुसार मदद करना। इस मौके पर संजीवनी टीम और आशी लाइफ केअर के डॉक्टर अमित मिश्रा,डॉक्टर चमन प्रीत, झारखंड के वाइस कोऑर्डिनेटर परवेज अख्तर, पलामू कोऑर्डिनेटर मनीष यादव, पलामू के उपकोऑर्डिनेटर राकेश तिवारी,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहिब सिंह नामधारी,चंदन भुइयां जिलाध्यक्ष, पलामू जिला भुइयां समाज,सुनील भुइयां संरक्षक, पलामू जिला भुइयां समाज समेत इंडियन रोटी बैंक के कई लोग मौजूद थे।